सुविचार
सफलता हाथों की लकीरों में नहीं, माथे के पसीने में होती है।

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज *Published from Ranchi*

12
Kareena Kapoor Clicks Perfect...

Ranchi • Sunday, 30 June 2024 • Year : 02 • Issue : 162 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SHARE

सेंसेक्स	:	79,032.73
निफ्टी	:	24,010.60

SARAFA

सोना	:	6,795
चांदी	:	94.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

निमार्णाधीन मकान की गिरी दीवार, तीन बच्चों की मौत

NOIDA : शनिवार को दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा में बड़ा हादसा हुआ है। भारी बारिश की वजह से निमार्णाधीन एक मकान की दीवार गिर गई। इसके नीचे आठ बच्चे दब गए। इनमें से तीन बच्चों की मौत हो गई। बाकी बच्चों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना सूरजपुर क्षेत्रान्तर्गत खोदना गांव में निमार्णाधीन मकान की दीवार गिर गई है। इस घटना में आयशा (16), आहद (4), हुसैन (5), आदिल (8), अलफि जा (2), सोहना (12), वासील (11) और समीर (15) दब गए। मकान मालिक सगीर के मकान की दीवार गिरने से उनके ही परिवार और रिश्तेदारों के आठ बच्चे उसके नीचे दब गए। इसमें आहद, आदिल और अलफिजा की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही है और यह भी पता कर रही है कि कहीं और लोग तो दीवार के नीचे दबे नहीं हैं।

ढह गई राजकोट एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर की छत

RAJKOT : शनिवार को गुजरात के राजकोट एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा हो गया। यहां भारी बारिश के कारण राजकोट एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर पैसेंजर पिकअप और ड्रॉप एरिया में कैनोपी (छतरी) गिर गई। जुलाई 2023 में इसका लोकार्पण हुआ था। गनीमत रही की हादसे के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था वरना दिल्ली जैसा हादसा हो सकता था। गौरतलब है की एक दिन पहले ही दिल्ली में भी ऐसा ही हादसा हुआ था। टर्मिनल-1 की छत गिरने से एक कैब ड्राइवर की जान चली गई थी। हादसे में छह लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा अचानक गिर गया था, जिसकी चपेट में आकर कई कारें दब गईं। हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय जब कारों पर लोहे के बीम गिरे तो अफरातफरी मच गई और लोग मदद के लिए चिल्लाते हुए नजर आए।

पटाखा फैक्ट्री में हुआ ब्लास्ट चार मजदूरों की गई जान

CHENNAI : शनिवार को तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के सत्तूर के पास एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक विस्फोट गया। विस्फोट की चपेट में आकर फैक्ट्री में काम कर रहे 4 मजदूरों की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज एक किलोमीटर दूर सुनाई थी। वहीं मजदूरों को भी भागने का मौका नहीं मिला। यह फैक्ट्री शिवकाशी के सेंगमालापट्टी में स्थित है। जानकारी के अनुसार, जिस समय फैक्ट्री में हादसा हुआ, उस समय 10 लोग काम कर रहे थे। इसमें से एक ही हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

बाबा बफार्नी के दर्शन को श्रद्धालुओं की अमरनाथ यात्रा शुरू, पहला जत्था रवाना

AGENCY SRINAGAR : बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए हर साल होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा शनिवार से शुरू हो गई। बालटाल और पहलगाम कैंप से शुक्रवार सुबह 4603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था गुफा के लिए रवाना हुआ था। यात्रा अनंतनाग में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग से गुजरेगी। श्रद्धालु कश्मीर के अनंतनाग जिले में 3 हजार 880 मीटर ऊंचाई पर स्थित बाबा बफार्नी के दर्शन करेंगे। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के रियासी में 9 जून को श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इस घटना को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए 3.50 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 52 दिवसीय यात्रा 19 अगस्त को खत्म होगी। 26 जून से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए थे।

बालटाल-पहलगाम कैंप से 4603 तीर्थयात्री चले, 3,880 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचकर देंगे अटूट आस्था का परिचय

सुरक्षा के कड़े इंतजाम, पारा मिलिट्री की 635 कंपनियां तैनात

जम्मू में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ के चलते तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए गांदरबल और पहलगाम रूट में हाई सिक्योरिटी की तैनाती है। दोनों रूट के हाई सिक्योरिटी पॉइंट्स परपुलिस की 13, एसडीआरएफ की 11, एनडीआरएफ की आठ, बीएसएफ की चार और सीआरपीएफ की दो टीमों की तैनाती है। साथ ही पारा मिलिट्री की 635 कंपनियां तैनात हैं। इस बार अमरनाथ यात्रा के रास्ते में 125 लंगर लगाए गए हैं। 6 हजार वॉलंटियर तीर्थयात्रियों की मदद के लिए तैनात किए गए हैं। सुरक्षा को मजबूत करने और ट्रैफिक की परेशानी को दूर करने के लिए उधमपुर से बनिहाल तक नेशनल हाइवे पर 10 सीसीटीवी पॉइंट बनाए गए हैं, जहां से लगातार निगरानी की जा रही है। श्राइन बोर्ड ने पहली बार बालटाल और चंदनबाड़ी में 100-100 आईसीयू बेड, एडवांस उपकरण, एक्स-रे, अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन, क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट, कार्डियक मॉनिटर, लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट से लैस दो कैंप अस्पताल तैयार किए हैं।

9 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था

गांदरबल के बालटाल और पहलगाम के नुनवान बेस कैंप में दर्शन के लिए पहुंचे तीर्थयात्रियों के लिए बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां रोजाना 9 हजार लोग रुक सकते हैं। दोनों यात्रा मार्गों पर 260 टॉयलेट, 120 वॉशरूम, हर 100 मीटर पर मोबाइल यूरिन पॉइंट हैं, ताकि आसानी रहे। बालटाल से 2 किलोमीटर पर दोमेल कैंप है। 5 किलोमीटर आगे बरारी मार्ग है। यहां से 4 किलोमीटर पर संगम है। यहां पहुंचते ही 80 प्रतिशत यात्रा पूरी हो जाती है। यहां से तीन किलोमीटर पर गुफा है। बालटाल से 4 किलोमीटर तक 20 फीट चौड़ी रोड है, बाद में 12 फीट रह जाती है। दोनों मार्गों पर डीआरडीओ के 100-100 बेड के अस्पताल हैं। कश्मीर के डिवीजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी के बताया था कि इस बार हमारा फोकस यात्री सुविधा बढ़ाने पर है। पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप की ज्यादा से ज्यादा व्यवस्था की योजना बना गई हैं।

पार करते समय बढ़ा श्योक नदी का जलस्तर, फंस गया टैंक

हादसा : लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान सेना के 5 जवान शहीद

AGENCY NEW DELHI : शुक्रवार की देर रात एक बजे के करीब लद्दाख में भारतीय जवानों के साथ बड़ा हादसा हो गया। श्योक नदी में टैंक फंसने के कारण 5 जवान शहीद हो गए। लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में भारतीय सेना के टी-72 टैंक का सैन्य अभ्यास चल रहा था। उसी दौरान दो टैंक एक साथ श्योक नदी को क्रॉस कर रहे थे। नदी क्रॉस करते वक्त पानी का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ गया। किसी तरह एक टैंक तो निकल गया, दूसरा टैंक श्योक नदी के अंदर ही फंस गया। इसी दौरान पहले टी-72 टैंक, जिसके अंदर एक जेसीओ और दो जवान मौजूद थे। वो पूरी तरह से पानी में डूब गए। दो और जवानों ने उन्हें बचाने की कोशिश की। इस तरह इस हादसे में जेसीओ समेत 5 जवान शहीद हो गए। जहां ये हादसा हुआ है, ये लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पास का बहुत ही स्ट्रेटजिक इलाका है।



- रात के अंधेरे में लेह से 148 किलोमीटर दूर हुआ यह हादसा
- एलएसी के पास का बहुत ही स्ट्रेटजिक इलाका है घटनास्थल

"लद्दाख में एक नदी के पार टैंक ले जाते समय एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हमारे पांच बहादुर भारतीय सेना के जवानों की जान जाने पर गहरा दुख हुआ। हम राष्ट्र के प्रति अपने वीर सैनिकों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। दुख की इस घड़ी में देश उनके साथ मजबूती से खड़ा है।
राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री।

"लद्दाख में टैंक के नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। सभी शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं। उनका समर्पण, सेवा और बलिदान देश सदा याद रखेगा।
राहुल गांधी, कांग्रेस नेता।

टी-72 में तीन लोगों के बैठने की जगह, बैठे थे पांच जवान

आमतौर पर इस टैंक पर कमांडर, एक गनर और एक ड्राइवर होता है। प्रैक्टिस के दौरान इसमें 5 जवान सवार थे। रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि नदी के ऊपरी इलाके में बारिश के चलते पानी बढ़ गया। रात होने के चलते जवानों को इसका पता नहीं चल सका। टी-72 टैंक 5 मीटर (16.4 फीट) गहरी नदियों को पार करने की क्षमता रखता है। यह एक छोटे डायामीटर वाले स्नॉर्कल की मदद से नदी पार करता है। इमरजेंसी के लिए इस पर सवार क्रू के सभी सदस्यों के रीब्रीदर दिया जाता है। बता दें कि पिछले साल लेह जिले के कियारी के पास एक सेना का ट्रक सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिर गया था। इस हादसे में एक जेसीओ सहित नौ जवान शहीद हो गए थे।

सभी जवानों की डेड बॉडी बरामद

रात के अभ्यास में पानी के अंदर से टैंक के निकालने की प्रक्रिया को फोर्डिंग कहते हैं। रात में टैंक के अभ्यास के दौरान जैसे ही जवानों ने देखा कि दूसरा टैंक पानी में डूब रहा है। उसी दौरान दो जवान पहले टैंक की तरफ भागे और उन्होंने बचाने की कोशिश की। वे सफल नहीं हो सके और वह भी डूब गए। घटनास्थल से सेना के जवानों का शव बरामद कर लिये गए हैं। सेना के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना लेह से 148 किलोमीटर दूर हुई है। यह घटना शुक्रवार रात 1 करीब एक बजे के आसपास हुई है। सेना के सभी जवान टी-72 टैंक पर सवार थे। जवानों की पहचान रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी के रूप में हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख जताया है।

तेवर में दिखे हेमंत सोरेन बोले- विस चुनाव में BJP का हो जाएगा सफाया

कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते पूर्व सीएम हेमंत सोरेन।

- जेल से बाहर आने के बाद पहली बार समर्थकों के बीच आए पूर्व मुख्यमंत्री
- कसा तंज, मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने से कुछ नहीं मिलेगा, जनता सिखाएगी सबक

PHOTON NEWS RANCHI : जमीन घोटाले से जुड़े एक मामले में ईडी की कार्रवाई की वजह से करीब पांच महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर छूटे हेमंत सोरेन के आवास पर शनिवार को समर्थकों की भीड़ लगी रही। ढोल नगाड़े, तीर धनुष लेकर अपने नेता के स्वागत के लिए कांके रोड स्थित हेमंत सोरेन आवास पहुंचे कार्यकर्ता नृत्य-संगीत और हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। कार्यकताओं के बीच पूरे तेवर में दिखे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उन्होंने ललकारते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता बीजेपी का सफाया कर देगी। हेमंत सोरेन ने कहा कि जानकारी मिल रही है कि समय से पहले राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारी की जा रही है। मेरी चुनौती भारतीय जनता पार्टी को है, जब भी चुनाव होगा भाजपा का राज्य में सूपड़ा साफ होना तय है। कांके स्थित हेमंत सोरेन के आवास के बाहर वाले गेट पर बने मंच से पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंच से कार्यकताओं को संबोधित किया।

साजिश रचकर भेजा गया जेल

हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्होंने राज्य के तेज विकास, आदिवासी, मूलवासी, पिछड़े, दलितों, महिलाओं के विकास के लिए जब काम करना शुरू किया तो साजिश रच कर मुझे जेल में भेज दिया। उन्होंने कहा कि अगर मुझे जेल नहीं भेजा गया होता तो पिछले 05 महीने में राज्य विकास में और आगे होता। हम विकास की गति को तेज कर रहे थे। हेमंत सोरेन ने असम के सीएम और भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा के झारखंड दौरे पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में बहुत सारे पर्यटक स्थल हैं, उसका आनंद उठाएं और अपने राज्य चले जाएं, यहां भाजपा का चुनाव में सफाया तय है। जेल में गुजारे दिनों को याद करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि छोटे-छोटे अपराधों में लोग लंबे दोनों से जेल में बंद हैं ।यह मैंने जेल में देखा है। देश और राज्य में ऐसा बड़ा बदलाव होगा, जहां गरीब गुरबों की आवाज सुनी जाएगी। अपने संबोधन के दौरान अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकाताओं की ओर से अब तक मिले सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि आने वाले दिनों में बड़ी लड़ाई विधानसभा चुनाव की है। आप सभी अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं।

पेज 03 भी देखें।

उत्तराखंड में उफनाई गंगा, हरिद्वार में तैरते नजर आ रहे वाहन

मध्य भारत में भारी बारिश की चेतावनी, रेट अलर्ट

- दिल्ली में अगले कुछ दिन भारी बारिश का पूर्वानुमान, आईएमडी ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट
- अरुणाचल प्रदेश के कई जिलों में भूस्खलन के कारण सड़क संपर्क टूटा

AGENCY NEW DELHI : आने वाले दिनों में उत्तर भारत में बारिश बढ़ने की उम्मीद है। पूर्वी यूपी में मानसून और आगे बढ़ गया है और अगले 2-3 दिनों में पश्चिमी यूपी और हरियाणा भी कवर हो जाएगा। उन्होंने बताया, यूपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पूर्वी राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पूरे मध्य भारत में भारी बारिश होगी। उत्तराखंड में भारी बारिश का दौर जारी है। बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। सोशल मीडिया में जो वीडियो सामने आ रहे हैं, उसमें हरिद्वार में वाहन तैरते देखे जा सकते हैं। लोगों को नदी में नहाने से बचने की सलाह दी जा रही है। उसी तरह उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों को भारी बारिश के कारण जल जमावा की स्थिति बन गई है। मौसम विभाग ने बताया, अरुणाचल प्रदेश और असम में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। यहां के लिए रेट अलर्ट जारी किया गया है। नागालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम और मणिपुर में भी भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। कल तक पश्चिमी प्रायद्वीपीय क्षेत्र में बारिश बढ़ जाएगी।

एनटीए ने एनसीईटी, संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट के लिए की तारीखों की घोषणा

NEW DELHI : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक सार्वजनिक नोटिस में राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी) 2024, संयुक्त वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) जून 2024 चक्र के लिए नई तारीखों की घोषणा की है। एनटीए के अद्यतन कार्यक्रम के अनुसार, एनसीईटी 2024 परीक्षा अब 10 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी। इसके बाद संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट 25 जुलाई से 27 जुलाई 2024 तक आयोजित की जाएगी।

दिल्ली के सीएम को राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका

14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे गए अरविंद केजरीवाल

AGENCY NEW DELHI : दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। तीन दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद सीबीआई ने आज उन्हें कोर्ट में पेश किया था। सीबीआई ने कोर्ट से 14 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की थी। जिसपर कोर्ट ने पहले अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, बाद में सीबीआई की मांग स्विकार करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार मुख्यमंत्री को दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में

अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को केजरीवाल को धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को निचली अदालत से जमानत मिल गई थी, जिस पर दिल्ली हाई कोर्ट ने रोक लगा दी थी।

न्यायालय को लोग मंदिर समझते हैं, न्यायाधीश खुद को देवता ना समझें : सीजेआई

KOLKATA : देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि देश की जनता न्यायालय को मंदिर समझती है। इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि इसमें बैठने वाले न्यायाधीश खुद को देवता समझने लगें। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को संवेदनशील और सहानुभूति रखने वाला बनना पड़ेगा। सीजेआई ने कलकत्ता हाई कोर्ट के बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी के दो सौ साल पूरे होने के मौके पर एक विशेष परिचर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। उनके साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौजूद थीं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जनता कहती है कि न्यायालय न्याय का मंदिर है। ऐसे में न्यायाधीश अगर खुद को देवता समझते हैं तो यह बहुत बड़ी भूल होगी। मुझे लगता है कि न्यायाधीश जनता के सेवक हैं। वे मामलों की सुनवाई करें लेकिन अपराध के प्रति पहले से कोई धारणा तैयार न करें।

समुद्री सुरक्षा भारतीय नौसेना में 17 साल की शानदार सेवा

'सारस' हेलीकॉप्टरों को दी गई अंतिम विदाई

AGENCY NEW DELHI : शनिवार को भारतीय नौसेना ने 17 साल तक समुद्री सुरक्षा और निगरानी करने वाले 'सारस' हेलीकॉप्टरों को अंतिम विदाई दे दी। विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा पर हुए डी-इंडक्शन समारोह के दौरान यूएच-3एच हेलीकॉप्टर ने अंतिम उड़ान भरी। इनकी जगह अब आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टरों को तैनात किया जाएगा। यादगार के रूप में इनमें से एक हेलीकॉप्टर विशाखापत्तनम में प्रमुख स्थान पर स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा, जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा पर विदाई समारोह में 17 साल की शानदार सेवा के बाद यूएच-3एच हेलीकॉप्टर को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी नौसेना कमान के चीफ आफ स्टाफ स्टाफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना ने की। यूएच-3एच स्क्वाड्रन के अनुभवी अधिकारी और नाविक हेलीकॉप्टर की महान सेवा को याद करते हुए परिवारों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

- आईएनएस डेगा से इस हेलीकॉप्टर ने विदाई के दिन भरी अंतिम उड़ान
- एक हेलीकॉप्टर विशाखापत्तनम में स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा
- इनकी जगह अब आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टर होंगे तैनात

एक उल्लेखनीय युग का समापन

यादगार विदाई समारोह के जरिए उस यूएच-3एच हेलीकॉप्टर के उल्लेखनीय युग का अंत हो गया, जिसने भारतीय नौसेना में विशेष संचालन और एसएआर मिशनों में अभिनव क्षमताओं की शुरूआत की। लगातार विकसित और गतिशील समुद्री वातावरण में यूएच-3एच की परिचालन भूमिका भारतीय नौसेना विमानन के इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज रहेगी। भारत ने अमेरिका से छह यूएच-3एच हेलीकॉप्टर 2007 में खरीदे थे, जिन्हें नौसेना के जहाज 'जलाश्व' के साथ 24 मार्च, 2009 को विशाखापत्तनम में आईएनएस डेगा पर लाया गया था। भारतीय तटों पर लाए जाने के बाद इन्हें 'सारस' नाम से आईएनएएस 350 में शामिल किया गया था।

मानवीय सहायता व आपदा राहत संचालन

इस बहुमुखी हेलीकॉप्टर ने मानवीय सहायता और आपदा राहत संचालन, अपतटीय प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और विशेष अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शक्तिशाली ह्यसारसह्न हेलीकॉप्टर ने अपनी प्रतिबद्धता को पूरी लगन से निभाया, सतर्क निगरानी बनाए रखी और अटूट समर्पण के साथ हमारे देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। इसीलिए यादगार के रूप में एक सारस हेलीकॉप्टर को सिटी ऑफ डेस्टिनी में प्रमुख स्थान पर स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

कविता

नरेश अग्रवाल
जमशेदपुर

विकट थी समस्या

डाकुओं ने उसे
कुछ दिन नहीं
वर्षों तक अपने साथ रखा
फिर भी डाकू न बना सके
विष न भर सके दिमाग में

गाली देना नहीं आया उसे
न दुत्कारना, न ठोकर मारना

वह अभी भी प्यार से
जी हुजूर कहता है
जिससे छीनना है
उसे दूर भगा देता
गोली की आवाज से डर जाता

हार कर उसे बेच दिया
एक बड़े साहूकार को

यहां अचानक उसका रंग बदला
दासता का भार सह न सका
डाकुओं के साथ गुजारे
दिन याद आने लगे

चमत्कार हुआ उसकी देह में
सोचने का रसायन बदला
सारे गहने लूट कर सेठ के
जा मिला डाकुओं से

चकित थे गैंग के आदमी
अब वह पहले जैसा नहीं रहा
उसके सामने के दांतों से
विष टपक रहा
आंखें भी खूंखार
मुंह से गालियां
हाथ में सेठ की लाइसेंसी पिस्तौल

विकट थी समस्या
सरदार के सामने
उसे मित्र माने या पुराना दास।।

माधवी उपाध्याय
जमशेदपुर

रिश्ते-नाते हो गए झूठे

परिवेश बदलता देख-देख,
मनवा हर पल घबराता है।
स्वयं मगन हैं दुनिया वाले,
रिश्ते-नाते हो गये झूठ।
फर्ज निभाने को ही सारे,
हाल एक-दूजे का पूछें।
निर्बल औ असहायों पर न,
ध्यान किसी का जाता है।
परिवेश बदलता देख ...!

खुद जब संकट से घिर जाएँ,
सारे रिश्ते याद आ जाएँ।
छोटे हों या बड़े सभी का,
साथ सभी ही पाना चाहें।
दंभ के ऊपर स्वार्थ का शासन
तब यूँ हावी हो जाता है।
परिवेश बदलता देख ...!

यूं तो मीत कई हैं सबके,
अपनापन छलकाने वाले।
लेकिन एक नजर न आते,
दुख में दर्द बाँटने वाले
विपदा कोई आन पड़ी तो,
भ्रम क्षण में छंट जाता है।
परिवेश बदलता देख...!

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

SCAN ME

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

सैलानियों की सबसे पसंदीदा जगह टाइगर फॉल

घुमक्कड़ की पाती इस जगह पर आना जितना आसान है उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। चकराता के जंगल और पहाड़ दोनों ही प्यारे हैं। दोनों में ही एक अलग तरह का सम्मोहन है। यह मेरी अब तक की घूमी सबसे शांत और खूबसूरत जगहों में से एक है। चकराता बाजार से निकलते ही जो रास्ता शुरू होता है, वह किसी जादुई दुनिया या फिर जन्नत में होने का अहसास कराता है। हम खूबसूरत जंगलों और बेहद ही शांत रास्तों से होते हुए लाखामंडल की तरफ बढ़ते हैं।



उत्तराखंड स्थित देहरादून के पास हम चकराता गए थे। यहां से निकलने के बीस किमी के बाद एक जगह आती है, जहां से टाइगर वॉटर फॉल के लिए रास्ता कटता है। यह देश के सबसे बड़े वॉटर फॉल में गिना जाता है। इस जगह से वॉटर फॉल की दूरी महज छह किमी के आसपास रह जाती है, जिसे अपने निजी वाहन अथवा पैदल पार किया जा सकता है। चकराता यात्रा के दौरान मैंने इस जगह के बारे में अनन्या को बताया तो वह मचल पड़ी। 'क्या हम इस जगह पर नहीं जा सकते?' उसने सवाल किया। मैंने कहा, 'जा सकते हैं लेकिन हमारा लक्ष्य कुछ और है। वह लक्ष्य इस जगह पर जाने के बाद पीछे छूट जाएगा।' वह बोली, 'पहले हम अपने लक्ष्य की तरफ ही बढ़ते हैं।' मैंने भी अपने आपको समझा लिया, लेकिन टाइगर फॉल के सम्मोहन से खुद को नहीं बचा पाया। मैं देर तक अपनी पिछली यात्रा के बारे में सोचता रहा। इस जगह पर पहुंचने के बाद यह मेरी ही नहीं, बल्कि आकृति की भी सबसे पसंदीदा जगह बन गई थी। उसने मुझसे कहा था कि- तुम जब भी इस जगह पर आना तो मुझे याद करना। मुझे फोन करना बिल्कुल भी नहीं भूलना। मैं उसे फोन तो नहीं कर पाया, लेकिन उसे कई बार याद किया।

इस जगह पर आना जितना आसान है उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। चकराता के जंगल और पहाड़ दोनों ही प्यारे हैं। दोनों में ही एक अलग तरह का सम्मोहन है। यह मेरी अब तक की घूमी सबसे शांत और खूबसूरत जगहों में से एक है। चकराता बाजार से निकलते ही जो रास्ता शुरू होता है, वह किसी जादुई दुनिया या फिर जन्नत में होने का अहसास कराता है। हम खूबसूरत जंगलों और बेहद ही शांत रास्तों से होते हुए लाखामंडल की तरफ बढ़ते हैं। सड़क पर लगा बोर्ड हमें रोक देता है, जी में आता है कि क्यों न एक दिन इस झरने के साथ बिताते हैं? जो हमारे लिए सम्भव नहीं होता, लेकिन कुछ स्मृतियां हैं जो मुझे अपनी तरफ खींच लेती हैं।

मैं सच के साथ होते हुए भी अपनी स्मृतियों के रास्ते पर निकल पड़ता हूं। मुझे एक एक रास्ता याद आता है। एक-एक मोड़ भी जहां से हम मुड़े थे। वह छोटी सी दुकान, जहां हमने राजमा और चावल खाया था। फिर पैदल चलते हुए टिकट काउंटर तक पहुंचे थे। हमने टिकट लिया था और पैदल ही निकल पड़े थे। इन रास्तों पर बढ़ते हुए मन में एक डर था, साथ ही साथ एक सम्मोहन भी। एक पतला सा पहाड़ी रास्ता जब किसी घाटी में जाकर खुलता था, तो खुशी के मारे हमारी आँखें चमक जाया करती थीं। हम एक-दूसरे को देखते, खुश होते और हवा में उछलने लगते थे। फिर याद आता कि हमारी मंज़िल यह नहीं, कहीं और है। हम दोबारा एक अनजान रास्ते पर बढ़ने लगते थे।

हमारा यह साथ अभी महज कुछ दिनों का था, लेकिन ऐसा लगने लगा था कि कुछ दिनों नहीं, बल्कि कुछ महीनों का है। हम एक-दूसरे को वर्षों से जानते हैं। लेकिन यह सच नहीं था। इस दौरान हम कई बार रास्ता भटके। कई बार फिसले और अंततः रास्ते पर आ गए। थकान ऐसी कि मानों

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

पूरा शरीर टूट रहा हो, लेकिन कुछ दूर और कुछ दूर और करके हमने जब छह किमी का पहाड़ी रास्ता पूरा कर लिया तो एक छोटा सा पुल आया। हमने उस पुल को पार किया तो सामने जो नजारा था, उसे देखकर दिल प्रसन्नता और उन्माद से झूम उठा। ऐसा लग रहा था कि आसमान से जैसे कि कोई नदी धरती पर उतर रही हो।

झरने के गिरने की जो आवाज थी, उसमें एक उन्माद था। एक सम्मोहन जो किसी को भी अपनी तरफ खींच ले। हम दोनों के अलावा उस जगह पर कोई नहीं था। हमने अपने-अपने कपड़े उतारे और नवंबर की सर्द के बावजूद झरने में कूद पड़े। एक घंटे तक जमकर नहाया और शरीर जब सर्द से काँपने लगा तो वहाँ से निकलकर हम धूप में बैठ गए। और तब तक बैठे रहे जब तक कि देह सूख नहीं गई। आकृति ने इस जगह पर लाने के लिए शुक्रिया कहा और प्रकृति के नजारों के बीच खो गई।

नहाने के बाद मुझे जोरों की भूख लगी थी। लेकिन खाने के लिए हमारे पास नूडल्स के अलावा कुछ भी नहीं था। मैंने आकृति से पूछा चाय पियोगी? वह बोली- नेकी और पूछ-पूछ। मैंने कहा- बस थोड़ी सी लकड़ियाँ इकट्ठी करनी होगी और वह तैयार हो गई। हम दोनों ने मिलकर लकड़ियाँ जुटाई। आग जलाई, खाने के लिए नूडल्स और पीने के लिए चाय बनाया और एक दूसरे से खूब बातें कीं। कहने के लिए तो यह यात्रा बहुत ही मामूली थी, लेकिन इस जगह की खूबसूरती और इससे जुड़ा अहसास इतना गहरा था कि यह हमेशा-हमेशा के लिए हमारी स्मृतियों में बस गई। आज भी जब किसी खूबसूरत और अनजान जगह पर जाने की बात आती है तो टाइगर वॉटर फॉल का नाम मेरे जेहन में उतर आता है। इस जगह पर हमने खूब फोटोग्राफी की, जी भर के वीडियो बनाए और शाम को जब वापस लौटने की बारी आई तो आकृति ने कहा, क्या हम एक रात इस जगह पर रुक नहीं सकते? मैंने कहा- नहीं। वह बोली, एक ही रात की तो बात है? होटल में जाकर बितायें या फिर इस प्रकृति के बीच क्या ही फर्क पड़ता है।

दरअसल, वह इस जगह की खूबसूरती के सम्मोहन में थी। जंगल और जानवरों का खतरा क्या होता है, उसे मालूम नहीं था। कैम्पिंग करने का अपना एक अलहदा रोमांच होता है, लेकिन हर जगह पर कैम्पिंग नहीं की जा सकती है। हमें जगह के साथ साथ अपनी सुरक्षा का भी ख़्याल रखना पड़ता है। नहीं कह देने के बाद भी मैं हाँ की सहूलियत तलाश रहा था। आखिरकार, मुझे झरने से थोड़ी ऊँचाई पर एक सुरक्षित जगह नजर आई। साथ ही साथ कुछ लोग और उनके लगे हुए टेंट भी। मैंने आकृति की तरफ देखा और उसने मेरी तरफ। मैंने कहा, हाँ क्यों नहीं एक रात की ही तो बात है और हमने अपना टेंट लगा दिया। आग जलाई, कुछ खाने पीने का इंतजाम किया और सो गए और सुबह उठे तो ऐसा लगा कि हिमालय की सारी खूबसूरती हमारी आँखों में उतर आयी है।

व्यंग्य ■ बर्बरीक

यक्ष इन पुस्तक मेला

दिल्ली का पुस्तक मेला समाप्त हो चुका था, धर्मराज युधिष्ठिर हस्तिनापुर के अलावा इंद्रप्रस्थ के भी सम्राट थे। अचानक यक्ष प्रकट हुए, उन्होंने सोचा कि चलकर देखा जाए कि धर्मराज अभी भी वैसे हैं या बदल गए, जैसे कि मेरे सरोवर का जल पीने के समय थे। युधिष्ठिर से मिले, कुशलक्षेम हुई, उन्होंने यक्ष से कहा कि 'चलो इंद्रप्रस्थ में पुस्तक मेला लगवाना है,वहीं बातें भी हो जाएंगी 'यक्ष उनके साथ हो लिये। यक्ष नाखुश हुए उन्होंने कहा' हे धर्मराज, यदि मेरे प्रश्नों के उत्तर ना दिए तो मारे जाओगे'।

धर्मराज ने हामी भर दी। यक्ष ने पूछा

'हे राजन, जब दिल्ली में मेला लग चुका था, तब इंद्रप्रस्थ में पुस्तक मेले की क्या जरूरत थी?'

युधिष्ठिर ने कहा

'धर्मो रक्षत रक्षितः' अर्थात जिसने पुस्तक मेले में किसी की किताब दो सौ रुपये की किताब चार रुपये की उसकी कटिंग चाय पीकर खरीदी है, वो बहुत आक्रोशित है, उसे भी अपनी किताब बेचने, ऑटोग्राफ देने और सेल्फी पोस्ट करने का अवसर देना ही सामाजिक न्याय होता है, अन्यथा विद्रोह होगा। गीता का यथार्थ यही है यक्ष। यक्ष दुखी हो गए, बोले 'हे राजन, आपने मुझे पुस्तक मेले में क्यों नहीं बुलाया, मैं धन्य होते-होते रह गया, अब भी घुमा दो, देख लूं जाती हुई बहार को'। धर्मराज अपने साथ लेकर मेले के स्थान पर पहुंचे। अंदर घुसते ही महिलाओं- पुरुषों का एक दल नजर आया। ये सब एक-दूसरे को किताबें दे रहे थे, और अपना सामान लेकर सरस्वती की मूर्ति को प्रणाम करके विदा ले रहे थे। यक्ष ने पूछा 'हे राजन, ये लोग कौन हैं क्या कर रहे हैं?'

धर्मराज ने कहा 'हे यक्ष, ये सब हिंदी के लेखक-लेखिकाएं हैं जो विभिन्न शहरों से दिल्ली आए थे पुस्तक मेले में। ये अपनी उपेक्षा से हताश हैं, फटेहाल हैं, फिर भी सरस्वती की मूर्ति को प्रणाम कर-के एक दूसरे को अपनी पुस्तकें दे रहे हैं और अपने घर जा रहे हैं'। यक्ष की आँख नम हो गई, उसने हाथ जोड़कर सरस्वती की मूर्ति और उन सभी को प्रणाम किया। थोड़ा आगे बढ़ने पर एक बहुत खूबसूरत पोस्टर नजर आया, जिसमें एक दिव्य सुंदरी की चमचमाती फोटो लगी थी, फोटो के नीचे एक जनाना बैठी विलाप कर रही थी। उस जनाना के सिर में बाल नहीं थे, बगल में विग पड़ी थी। आगे के दो दांत टूटे हुए थे, नकली दांतों का सेट पड़ा हुआ था। उसके कीमतों वस्त्रों और

दिलीप कुमार

आभूषणों का किराया मांगने वाले उसे हड़का रहे थे और वो मरियल सी जनाना गुमसुम थी।

यक्ष ने पूछा 'हे राजन, ये तस्वीर किसकी है, और वो जनाना कौन है'? धर्मराज ने ठंडी साँस लेते हुए बताया 'हे राजन ऊपर जो दिव्य सुंदरी का पोस्टर लगा है, नीचे वही जनाना बैठी है, ये नई वाली हिंदी है, जो उधार के बिंबों पर चलती है। उसका सच उसके पोस्टर के ठीक नीचे है। तब तक हिंदी ने नई वाली हिंदी की तरफ पीठ फेरते हुये कहा

'वो शख्स जिसका कद मेरे कद से बड़ा था

वो शख्स किसी और के पैरों पर खड़ा था।'

नई वाली हिंदी ने हिंदीं से कहा-मैं क्या करूं, मेरा दर्द ये है कि

'क्षमा करो हे वत्स, और देवी, समय आया है ऐसा

दो अक्षर लिखते ही लेखक कहते हैं निकालो पैसा'

अब आप ही बताएं यक्ष और धर्मराज बिना अश्रु, स्वेद और पर्याप्त तैयारी के बल पर सिर्फ बिक्री के गुरों पर फोकस होगा तब मेरा यही अंजाम होगा, इस गाय से पहले दिन सबको दूध चाहिये, मगर घास काटने का दर्द कोई नहीं लेना चाहता, हे यक्ष यही हाल रहा तो मैं आपके सरोवर का जल आकर पी लूंगी। तब इन लेखक लेखिकाओं की तपस्या के बाद ही आप मुझे जीवित करना।

यक्ष और युधिष्ठिर ने तब तक देखा कि एक स्थान पर जल का छिड़काव हो रहा है, धुंआ निकल रहा है और पात्र में जल डाल रहे हैं सब। यक्ष ने हर्षित होते हुए कहा' धर्मराज ये साधुओं का दल देखकर मन हर्षित हो गया। कलियुग में भी यज्ञ हो रहा है, धूम्र देखो, एक ही पात्र में सब जल पी रहे हैं कैसा उत्तम आदान-प्रदान है, सर्वत्र बन्धुत्व का, कौन हैं ये लोग'।

युधिष्ठर ने तनिक सकुचाते हुए कहा

'ये यक्ष, तथापि सबकी जटा पीछे से समान दिख रही है, फिर भी उनमें कुछ पुरुष हैं और कुछ नारियां हैं। जो धूम्र है वो यज्ञ का नहीं अपितु चिलम और सिगरेट की है, पात्र नहीं वो दारू की बोतल है, जिसे सब बिना भेद भाव के बारी-बारी से पी रहे हैं और ये सब जंबो द्वीप में मुखर्जीनगर नामक स्थान का खुद को बताते हैं, यद्यपि उस स्थान से इनके होने का कोई प्रमाण नहीं क्योंकि वो पढ़ने लिखने वालों की जगह है'।

थोड़ा आगे बढ़ने पर देखा कि एक महिला एक ऊंची कुर्सी पर बैठी थी। उसके पैरों के पास एक छोटी बच्ची रो रही थी। उसकी गोद मे एक काल्पनिक बच्ची थी। वो महिला अट्टहास करके हंस रही थी। महिला बार-बार अपने पैरों के पास वाली बच्ची को लात से मारती और गोद वाली काल्पनिक बच्ची को दुलारती।

यक्ष की जिज्ञासा देखकर युधिष्ठिर ने बताया 'ये महिला नानी है, उस बच्ची की, जो अपनी सगी बच्ची को लात मार रही है और गोद की उस काल्पनिक बच्ची को लाड़-दुलार कर रही है जो वास्तव में है ही नहीं, 'यक्ष ने कहा' कौन है वो काल्पनिक बच्ची?

'एक पिलपिला शख्स बोला'

'वो काल्पनिक बच्ची लघुकथा है,और मैं बदनसीब इसका पति

इस खातून को गर बनाया है तूने ए खुदा

तो तू ही मेरा खुदा हो मुझे मंजूर नहीं'।

कोई कुछ बोलता तब तक बचाओ- बचाओ की आवाज आई, सब दौड़ कर वहां पहुंचे तो देखा, एक बूढ़ा आदमी एक जवान आदमी का हाथ ऐंठे हुए कह रहा था' रॉयल्टी दो, रॉयल्टी दो'। लोगों ने उन्हें अलग किया। बूढा आदमी दमा का मरीज था। मगर च्यवनप्राश खा रहा था। यक्ष ने पूछा 'मामला क्या है'

युधिष्ठिर ने कहा- ' इस लेखक ने इन बुजुर्ग पर किताब लिखी है, अब ये लेखक से रॉयल्टी मांग रहे हैं और लेखक कह रहा है, बड़े मियां किताब तो बिकने दो तब दूंगा, लेकिन बुजुर्गवार को चैन नहीं'। यक्ष ने कहा- 'लेखक कौन है, किताब कौन सी है और बुजर्ग कौन हैं'

युधिष्ठिर ने कहा 'लेखक रूपेश दुबे हैं, किताब का नाम है बोल बच्चन'।

यक्ष ने हंसते हुए कहा, 'और ये बुजर्ग कौन हैं जिन पर किताब लिखी गयी है और रॉयल्टी माँग रहे हैं'।

युधिष्ठिर धीरे से हंस पड़े और धीरे से बोले 'अमिताभ बच्चन'।

BRIEF NEWS

30 तीर्थयात्रियों का जत्था अमरनाथ दर्शन को रवाना

RANCHI : बाबा अमरनाथ की यात्रा के लिए शनिवार को हटिया से जय भोले के नारे के साथ 30 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना हुआ। इस दौरान सभी तीर्थयात्री काफी उत्साहित नजर आये। यह जत्था एक जुलाई को बाबा बफार्नी के दर्शन करेगा। इसके बाद सभी लोग श्रीनगर के श्री शंकराचार्य मंदिर, माता वैष्णो देवी और शिव खोड़ी के दर्शन करते हुए आठ जुलाई को रांची लौटेंगे। कुल 30 तीर्थयात्रियों के जत्थे में अजय शंकर कुमार, संतोष वर्मा, रमेश सोमानी, दिलीप सिंह, अरुण कुमार, किशोर कुमार चौबे, धर्मेंद्र, रामकेश्वर महतो, आशीष, विजय, अजय साह, सृष्टी, आरुषी, अंकिता, मीना देवी, सूरज प्रसाद, कृष्णा, कन्हैया, सुनील, अजित, प्रमेश्वर, राहुल, विकाश, अंकित राज, श्रेया, सारिका, अमीता देवी, अक्षत और पवन आदि शामिल हैं। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 29 जून से आरंभ हुई है, जो 19 अगस्त तक चलेगी।

मुख्यमंत्री से मिले पोटका विधायक संजीव सरदार

RANCHI : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को बूटी रोड, मोरहाबादी रांची स्थित आवास में पोटका विधायक संजीव सरदार ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को विधायक संजीव सरदार ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण का आग्रह किया। मुख्यमंत्री से उन्होंने पूर्वी सिंहभूम जिले में सर्वेक्षण के आधार पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के संवर्द्धकरण के लिए चिह्नित विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के माचेत और मास्टर चयन प्रक्रिया में आ रही विसंगतियों को दूर करने का भी निवेदन किया है। मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर निदान किए जाने का भरोसा उन्हें दिया है।

हूल दिवस पर सिद्धू-कान्हू को श्रद्धांजलि देगी आजसू

RANCHI : हूल दिवस पर रविवार को आजसू पार्टी सिद्धू-कान्हू पार्क, रांची स्थित शहीद सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा पर प्रातः दस बजे माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आजसू पार्टी केंद्रीय समिति, रांची जिला समिति, रांची जिला महिला समिति, रांची महानगर समिति, रांची महानगर महिला समिति, युवा आजसू, आजसू छात्र संघ, आजसू बुद्धिजीवी मंच तथा अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी शामिल होंगे।

जेनेटिक अस्पताल मामले में जांच के दिए आदेश

RANCHI : राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जेनेटिक अस्पताल के अमानवीय कृत्य का संज्ञान लिया है। उन्होंने शनिवार को स्वास्थ्य सचिव को तीन दिनों के अंदर मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। विभागीय रिपोर्ट के आधार पर जेनेटिक अस्पताल पर कार्रवाई की जायेगी। इसके पहले झारखंड हाई कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य सचिव को मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

कांके स्थित अपने आवास पर पूर्व सीएम ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

झारखंड का खून चूस रही है बीजेपी, आपस में लोगों को लड़ाना इनका काम : हेमंत सोरेन

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कांके स्थित अपने आवास में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा का काम सिर्फ आपस मे लोगों को लड़ाना है। इसलिए देश की जनता ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को जबरदस्त लाठी मारी है, लाठी भी न टूटी और उनको दर्द भी हो रहा है। भाजपा सिरिंज से झारखंड के लोगों का खून चूस रही है और भाजपा ने सभी संवैधानिक संस्थाओं को मुट्ठी में कर रखा है। देश मे सबसे बड़ी अदालत जनता की है। भाजपा ने मजबूरी में कुछ राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया है लेकिन वे रबर स्टांप हैं, आदिवासियों पर जुल्म के खिलाफ वह बोल भी नहीं सकते। हेमंत सोरेन ने कहा कि मूलवासी और आदिवासी एक होकर अपने पूर्वजों का सपना पूरा करेंगे, मनुवादी और सामंतवादी सोच को दफन करने का वक्त आ गया है।

रिहाई पर केंद्रीय सरना समिति ने मनाया जश्न

शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद शनिवार को केंद्रीय सरना समिति ने सैकड़ों आदिवासियों के साथ मिलकर अल्बर्ट एक्का चौक पर पटाखा फोड़कर व मिठाई बांटकर जश्न मनाया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि सीएम की रिहाई के बाद आदिवासी समाज में खुशी दिखाई दी। रांची विश्वविद्यालय परिसर में सैकड़ों आदिवासी समाज एकजुट हुए। ढोल-नगाड़ा बजाया। झूमते, नाचते-गाते अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे। वहा अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया और सभा को संबोधित किया। कहा कि झारखंड के चाहता आदिवासी मुख्यमंत्री को झूठा षड्यंत्र के तहत पांच महीने तक जेल भेज दिया है। वही न्यायपालिका ने निर्दोष साबित करते हुए रिहा कर दिया। भाजपा चाहती है कि झारखंड में आदिवासी सीएम न बने। आज की केंद्रीय सरना समिति द्वारा गरीबों के बीच भोजन वितरण कर जश्न मनाया। वही अजय तिर्की ने पूर्व सीएम से मिलकर बधाई दी।

हर दिन लोग जेल जाते हैं, जमानत मिलती है, यह देखना भाजपा का काम नहीं : हिमंता बिस्वा सरमा

PHOTON NEWS RANCHI : असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को झारखंड पहुंचे। उन्होंने हेमंत सोरेन की जमानत पर कहा कि हर दिन कई लोग जेल जाते हैं और हर दिन कई लोगों को जमानत मिलती है। इसका अकाउंटिंग करना भाजपा का काम नहीं है। यहां तो भ्रष्टाचार चरम पर है। आपराधिक घटनाएं बढ़ीं हैं। पेपर लीक हो रहे हैं। हिमंत ने कहा कि झारखंड में हुए लोकसभा चुनाव में लोगों ने भाजपा के पक्ष में वोट देकर आखिर क्या मैसेज दिया। लोगों ने बताया कि वह यहां की सरकार से खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि संथाल में घुसपैठ और लव जिहाद को रुकवाना भाजपा की प्राथमिकता है। कोई गलत तरीके से घुसपैठ कर यहां की आदिवासी लड़कियों से शादी ना करे। इसे रोकना है। भाजपा के मेनिफेस्टो में इस मुद्दे को शामिल किया जायेगा। रांची पहुंचते ही हिमंत बिस्व सरमा ने दुमका लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी रहीं सीता सोरेन के आवास पर उनसे मुलाकात की। हिमंत के साथ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश मौजूद थे। इसके बाद उन्होंने लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रहे समीर उरांव से भी मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि सीता सोरेन ने अपनी हार के लिए भाजपा के बड़े नेताओं और विधायक को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने भाजपा की पूर्व मंत्री लुईस मरांडी और सारठ विधायक रणधीर सिंह पर विश्वासघात करने का आरोप लगाया था। सीता सोरेन ने कहा था कि चुनाव में भाजपा के संगठन की जो मजबूती है, वह देखने को नहीं मिली।



हिमंता बिस्वा सरमा को बुके देकर स्वागत करते भाजपा नेता। ● फोटोन न्यूज

आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा : चम्पाई

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स तथा सोना-चांदी व्यवसायी समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री को राजधानी रांची में हो रही लूट, छिनैती एवं डकैती जैसी आपराधिक घटनाओं से अवगत कराते हुए उसे नियंत्रित करने के लिए समुचित कदम उठाने का आग्रह किया।मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक को अपराध नियंत्रण के लिए कड़े निर्देश दे दिए गए हैं। उन्हें घटित आपराधिक घटनाओं का खुलासा कर उसमें संलिप्त अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विधि-व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गट्टानी, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया औ? रोहित पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष कुणाल आजमानी तथा सोना-चांदी व्यवसायी समिति के डॉ दिलीप सोनी, रवि कुमार पिंटू और जितेंद्र कुमार वर्मा शामिल थे।

सीएम से मिलते चैंबर्स ऑफ कॉमर्स व सोना-चांदी व्यवसायी समिति के सदस्य।

डीसी ने विशेष अभियान चला कर दिया कार्रवाई का निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI :

- जिलास्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित
- अवैध खनन व भंडारण की रोकथाम के लिए की समीक्षा

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को अवैध खनन के रोकथाम के लिए जिलास्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा की । जिला खनन पदाधिकारी के जरिये बताया गया कि रांची जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 26 जून तक अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण को लेकर विभिन्न थानों में 75 अभियुक्तों के विरुद्ध 13 प्राथमिकी दर्ज की गई है और 31.55 लाख जुमार्ना भी वसूला गया है। उन्होंने अनुमण्डल पदाधिकारी सदर एवं बुण्डू को निर्देश दिया कि जिला के सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी के सहयोग से विशेष अभियान चलाकर अंचलों में अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण पर पूर्णतः रोक सुनिश्चित करें। जिलान्तर्गत विभिन्न विभागों से अवैध खनन, भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध प्राप्त शिकायत पत्रों एवं विभिन्न समाचार पत्रों में अवैध खनन, भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध प्रकाशित समाचार के बाबत जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स समिति के सदस्यों को समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र सघन छापामारी अभियान चलाते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया।

डीपी ज्वेलर्स में लूट मामला

व्यवसायियों ने निकाला मार्च, बंद रखी दुकानें

शहर में आपराधिक घटनाओं को लेकर नारेबाजी करते व्यवसायी।

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के डीपी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना को लेकर सोना चांदी व्यवसायी समिति के बैनर तले शहर के व्यवसायियों ने शनिवार को विरोध मार्च निकाला। साथ ही घटना के विरोध में शहर के सभी ज्वेलरी दुकानें बंद रखी । सभी व्यवसायी अपर बाजार स्थित गांधी प्रतिमा के पास जुटे और विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर शहर भर में मार्च किया। व्यवसायियों ने घटना का विरोध किया और रांची पुलिस को दो दिनों के अंदर अपराधियों को गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम दिया। सोना चांदी व्यावसायी समिति के रवि कुमार सिंकु ने कहा कि शहर में दो बड़ी लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया है । इससे पहले रांची के पंडरा इलाके में एक ज्वेलर्स से लूट हुई थी और उसमें शामिल अपराधी अभी तक पकड़े नहीं गए हैं, वहीं अब एक और लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। जिला प्रशासन पूरी तरह से फेल है। जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए। वहीं, दूसरी ओर विरोध मार्च में शामिल कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा ने कहा कि लूट की घटना में शामिल अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के पास स्थित डीपी ज्वेलर्स में शुक्रवार की शाम अपराधियों ने लगभग एक करोड़ 40 लाख रुपये के जेवरात लूटकर फरार हो गए। इस दौरान अपराधियों ने ज्वेलरी शॉप के मालिक ओम वर्मा को भी गोली मार दी थी।

एसएसपी ने दो सब इंस्पेक्टर सहित सात पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के पास स्थित डीपी ज्वेलर्स में हुई लूटकांड मामले में शनिवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले जगन्नाथपुर थाना के दो सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार और शैलेंद्र सिंह सहित सात पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। इसमें वायरलेस पुलिसकर्मी भी शामिल है। इसके अलावा बाकी जमादार और सिपाही स्तर के पुलिसकर्मी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के पास स्थित डीपी ज्वेलर्स में अपराधियों ने एक करोड़ 40 लाख रुपये के जेवरात और तीन लाख रुपये नगद लूटकर फरार हो गए थे। इस दौरान जेवर दुकान के मालिक ओम वर्मा को लूट के दौरान अपराधियों ने गोली मार दी थी।

अलकतरा घोटाले के मामले में तीन दोषियों को तीन-तीन साल की सजा

PHOTON NEWS RANCHI : अलकतरा घोटाला के 25 साल पुराने मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाया। मामले के आरोपित तत्कालीन जूनियर इंजीनियर विवेकानन्द चौधरी, कुमार विजय शंकर और विनोद कुमार मंडल को सीबीआई की विशेष कोर्ट ने दोषी पाते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने सभी पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर सभी को तीन-तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। यह घोटाला तत्कालीन बिहार सरकार में वर्ष 1992-93 से लेकर 1997 तक जारी रहा।

संजीव लाल की जमानत पर अगली सुनवाई छह को

टेंडर घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की जमानत याचिका पर शनिवार को धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में जवाब दाखिल करने के लिए ईडी ने कोर्ट से समय की मांग की। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने ईडी को समय देते हुए अगली सुनवाई की तिथि छह जुलाई निर्धारित की है। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए छह मई को कई स्थानों पर छापेमारी की थी। संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से ईडी ने 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किए थे जबकि संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ रुपये बरामद हुए थे।

कांके प्रखंड में 200 छात्राओं के बीच बांटी गईं नि:शुल्क साइकिलें

PHOTON NEWS KANKE : प्रखंड मुख्यालय समीप विधायक समरी लाल वीडीओ विजय कुमार, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा सहित जनप्रतिनिधियों ने सरकारी स्कूलों में अध्यनरत 200 छात्राओं के बीच सरकार द्वारा प्रदत्त साइकिल का वितरण किया। उप प्रमुख अंजय बैठा ने बताया कि समेकित जनजाति विकास अभिकरण रांची द्वारा वर्ष 23--24 के लिए यह साइकिल मिली थी। इन सभी साइकिलों को कक्षा 8 में अध्यनरत एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क वितरण किया गया। साइकिलें राजकीय मध्य विद्यालय हुसिर, होचर, अरसंडे व सुकुरहुटू गांव के छात्राओं को दिया गया। पूरे प्रखंड में कुल 1322 से भी अधिक साइकिलों का वितरण किया जाना है। इसके लिए सभी विद्यालयों से लाभार्थी छात्राओं की सूची प्रखंड कार्यालय द्वारा मंगाई गई है। सभी साइकिलों का वितरण कार्यक्रम आयोजित कर प्रखंड कार्यालय द्वारा शीघ्र वितरित कर दी जाएगी। साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। साइकिल वितरण कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य किरण देवी, पंचायत समिति सदस्य लालचंद सोनी, कल्याण पदाधिकारी ऐनुल हक, शिक्षा पदाधिकारी सुरेश चौधरी, कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास जनसेवक, पंचायत सेवक सहित प्रखंड कर्मी, पंचायत प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

छात्राओं को साइकिल देते अतिथि। ● फोटोन न्यूज

राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में एक्टिव हो चुका है मानसून

फुहारों ने दी राहत, आज होगी झमाझम बारिश

PHOTON NEWS RANCHI : अनुमान के अनुसार, शनिवार को बारिश नहीं हुई, लेकिन सुबह से ही मौसम सुहाना रहा और दोपहर बाद फुहारों ने गर्मी से राहत दी। याद कीजिए, 21 जून को ही झारखंड में मानसून की एंट्री हो चुकी थी। शुरू में इसका कुछ असर दिखा था, लेकिन बीच में यह बिल्कुल असरहीन हो गया। अब मौसम विभाग के अनुसार शनिवार यानी 29 जून से झारखंड के सभी क्षेत्रों में मानसून सक्रिय हो चुका है। रविवार यानी 30 जून से इसका असर दिखेगा और राजधानी रांची सहित राज्य के कई इलाकों में झमाझम बारिश होगी मौसम विभाग ने बारिश तेज हवा और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। बता दें कि 27 जून को भी राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में तेज हवा के साथ मध्यम दर्जे की बारिश हुई थी। 28 को भी बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई थी। मौसम वैज्ञानित अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में 24 घंटों के बाद मानसून की गतिविधि बढ़ने की संभावना है। 30 जून से लेकर एक जुलाई तक तेज बारिश होने का पूवार्नुमान है। इस दौरान राज्य के सभी जगहों पर बारिश होगी। झारखंड के पलामू, संताल से लेकर कोल्हान सभी हिस्सों में पानी बरसेगा। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के अंदर कहीं कहीं बारिश हो सकती है। बारिश होने से राज्य के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक की कमी आएगी।

गुमला के भरनो में सर्वाधिक बारिश

27 जून को सबसे अधिक बारिश गुमला के भरनो में 33.0 मिमी बारिश दर्ज की गई। गढ़वा में 15.0 मिमी, पूर्वी सिंहभूम में 9.4 मिमी के साथ, गोड्डा, रामगढ़, लातेहार, हजारीबाग आदि जिलों में छिटपुट बारिश हुई। राज्य में जून के दौरान अब तक 50.4 मिमी बारिश हुई। जो सामान्य बारिश 160.2 मिमी से 69 फीसदी कम है।

अधिकतर जिलों का तापमान 40 डिग्री से नीचे

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में शुक्रवार और शनिवार को विभिन्न जिलों का तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा। शुक्रवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान मेदिनीनगर का 39.8 डिग्री दर्जी किया गया। वहीं गढवा का तापमान 38.3 डिग्री और सरायकेला का 38.1 डिग्री दर्ज किया गया। रांची का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार को भी तापमान की यही स्थिति रही। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड के लिहाज से मानसून के स्थिति में पिछले दिनों की तुलना में कोई बदलाव नहीं आया है। यह बिहार, बंगाला और अन्य राज्य के कुछ और हिस्सों में कायम हुआ है।

रेलगाड़ियों में दिखेंगी झारखंड की जनकल्याणकारी योजनाएं

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य सरकार ट्रेनों के माध्यम से अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाएगी। सरकार ने भारत के प्रमुख ट्रेनों के अंदर एवं बाहर योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रचार करने की योजना तय की है। इसके लिए उसने पहल भी कर दी है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने इस काम के लिए योग्य एजेंसियों से निर्धारित फॉर्मेट में पांच जुलाई की दोपहर तीन बजे तक आवेदन मंगाए हैं। सभी प्राप्त आवेदनों को इसी दिन खोला भी जाएगा। वैसे पिछले वर्ष अगस्त 2023 से ही इस तरह की पहल सीमित स्तर पर की जा चुकी है। राज्य सरकार को

उम्मीद है कि देशभर में चलने वाली प्रमुख ट्रेनों की मदद से अपनी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना लाभदायक होगा। अपने राज्य के ऐसे लोग जो दूसरे राज्यों में हैं, उन तक सूचनाएं पहुंचेंगी तो वे राज्य वापस लौटकर लाभार्थी बनने का भी प्रयास करेंगे। देशभर में झारखंड की और बेहतर छवि बनाने में भी इस प्रयास का लाभ मिलेगा। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में भी राज्य सरकारें ट्रेनों की मदद से अपनी योजनाओं, उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करवा रही हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद ट्रेन के माध्यम से सरकार प्रवासी श्रमिकों के अधिकार एवं कल्याणार्थ योजना का प्रचार-प्रसार का काम शुरू भी कर दिया गया था। खासकर मुंबई, दिल्ली, केरल, बेंगलुरु और जम्मू जाने वाली ट्रेन के जरिए प्रचार-प्रसार का काम होने लगा था। इस रूट में जाने वाली ट्रेनों के जनरल और स्लीपर बोगी के बाहरी और भीतरी हिस्से में श्रमिकों के अधिकार और उन्हें जागरूक करने से सम्बन्धित जानकारी साझा की जाने लगी थी।

BRIEF NEWS

अर्धनिर्मित मकान में मिला महिला का अधजला शव

BOKARO : जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत झोपड़ो गांव में मुख्य सड़क किनारे अर्धनिर्मित मकान में एक महिला का अधजला शव मिला। शव के देखने से यह प्रतीत हो रहा है कि हत्या कर शव को जलाने का प्रयास किया गया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

खतियानी परिवार ने फीस की बढ़ोतरी का किया विरोध

HAZARIBAGH : मो. हकीम की अध्यक्षता में खतियानी परिवार की एक बैठक शनिवार को हुई।बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की गई। साथ ही बगैर समीक्षा किये कोर्ट फी में बेतहाशा वृद्धि पर विरोध जताया गया और इसे वापस लेने की सरकार से मांग की गई। बैठक में सईद अहमद, बोधी साव, बाबु भाई विद्रोही, महेश विश्व कर्मा, दुलारी देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले डॉ. अजय कुमार

JAMSHEDPUR : कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार शनिवार को रांची गए थे, जहां उन्होंने निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने हेमंत सोरेन को उनकी रिहाई पर बधाई दी, वहीं प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। डॉ. अजय ने बताया कि प्रदेश की विकास योजनाओं सहित वर्तमान की राजनीतिक घटना क्रम पर विस्तार से बात हुई है।

बिरसानगर में ठेकेदार के घर से सात लाख की चोरी

JAMSHEDPUR : बिरसानगर थाना क्षेत्र के जोन नंबर-5 में गिट्टी मशीन के पास रहने वाले ठेकेदार सपन भट्टाचार्य के घर से चोरों ने शुक्रवार की देर रात नकदी समेत कुल सात लाख रुपये के जेवर की चोरी कर ली। घटना की जानकारी उन्हें दूसरे दिन शनिवार की सुबह मिली। सपन ने बताया कि उनके घर का निर्माण चल रहा है, जिसके लिए घर में करीब 4 लाख रुपये रखा था। इसके अलावा घर में करीब 3 लाख रुपये मूल्य के जेवर भी थे। सभी चोरी हो गए।

वाहन जलाने के आरोपी माओवादी समेत चार धराए

PALAMU : जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के सड़ेया में हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह के भाई विनय कुमार सिंह उर्फ बिनू सिंह की अभय इंटरप्राइजेज के वाहन जलाने वाले माओवादी समेत चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

क्रिमिनल्स के पास से 21 मोबाइल, 27 सिमकार्ड, एक एटीएम जब्त

छापेमारी के दौरान देवघर से 16 साइबर अपराधी गिरफ्तार

PHOTON NEWS DEOGHAR : देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश पर साइबर थाने की पुलिस ने जिले के पथरड्डा ओपी क्षेत्र के सिमरा मोड़ जंगल सहित सारवां थानांतर्गत के जलहरा, पाथरौल थाना क्षेत्र के टंडेरी मलमला व मधुपुर थाना क्षेत्र के केरगढ़ा गांव में छापेमारी कर 16 साइबर आरोपितों को गिरफ्तार किया। इन आरोपितों के पास से 21 मोबाइल सहित 27 सिमकार्ड, एक एटीएम व एक नोटबुक जब्त किया। वहीं इनलोगों के पास प्रतिबिंब एप में अपलोड 10 मोबाइल नंबर भी मिले हैं।

सरकारी पदाधिकारी व कस्टमर अधिकारी बन करते थे ठगी : जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि उक्त सभी आरोपित फर्जी बैंक अधिकारी/कृषि पदाधिकारी व विभिन्न बैंकों सहित प्रतिष्ठानों के कस्टमर केयर अधिकारी बनकर साइबर अपराध करते हैं। इनलोगों के पास से जब्त नोटबुक में हिसाब भी लिखा हुआ है, जिसकी जांच करायी जा रही है। साइबर थाने में आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सभी को कोर्ट में पेश कराया गया। कोर्ट में पेशी के बाद इन सभी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल पहुंचा दिया।

चार थाना क्षेत्रों से 16 साइबर ठगों को किया गया गिरफ्तार : पुलिस मीडिया सेल द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार गिरफ्तार साइबर आरोपितों में सारवां के जलहरा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार राय, पप्पू कुमार यादव, मधुपुर के केसरगढ़ा गांव निवासी निरंजन दास, राजेंद्र कुमार दास, पाथरौल के मलमला गांव निवासी प्रवीण कुमार दास, सिटू कुमार दास, पथरड्डा ओपी क्षेत्र के झुनाकी गांव निवासी विक्रम कुमार दास, धुधुवाजोरी गांव निवासी संजय राणा, बरदेही गांव निवासी अनिल कुमार दास, कुंदन कुमार सुमन, सारठ थाना क्षेत्र के गोबरशाला गांव निवासी रितेश दास, बभनकुंड गांव निवासी राहुल दास, सुमित कुमार दास, चरकमारा गांव निवासी मुन्ना दास व शुभम कुमार दास शामिल है।

धनबाद में बालू लदे दो हाइवा जब्त, एफआईआर दर्ज

DHANBAD : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने शनिवार अहले सुबह 4.30 बजे पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया। खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि उपायुक्त के द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में आज सुबह लगभग 4:30 बजे पूर्वी टुण्डी थाना प्रभारी मदन चौधरी, गस्ती दल के

स.अ.नि. नाथुनी ठाकुर एवं सशस्त्र बल के साथ संयुक्त रूप से खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध पूर्वी टुण्डी थाना अंतर्गत शंकरडीह चौक के समीप औचक रूप से छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में दो बालू लदे हाईवा को बिना परिवहन चालान के परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इसमें एक हाईवा यूपी 64 टी 1039 पर लगभग 500 घनफीट और दूसरे हाईवा, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर और इंजन व चेसिस नंबर घिसा हुआ है, पर लगभग 500 घनफीट बालू लदा हुआ पाया गया। वहीं वाहनों को पकड़ने के क्रम में मौके का फायदा उठाकर दोनों वाहनों के वाहन चालक वाहनों को छोड़कर फरार हो गए।

शिक्षा विभाग के कार्यालयों में प्रतिनियोजित आदेशपालों का प्रतिनियोजन हुआ रद्द

JAMSHEDPUR : कोल्हान प्रमण्डल अंतर्गत सभी कार्यालयों में प्रतिनियोजित आदेशपालों (प्रमण्डल/विद्यालय सम्वर्ग) का प्रतिनियोजन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। इसे लेकर कोल्हान प्रमंडल की क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक निर्मला कुमारी बरेलिया की ओर से निर्देश जारी किया गया है जिसमें कहा गया है कि सभी आदेशपाल को निदेश दिया जाता है कि वे अपने मूल कार्यालय/विद्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित आदेशपालों का वेतन भुगतान मूल कार्यालय/विद्यालय मे योगदान के पश्चात ही देय होगा। इसके साथ ही सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को अनुपालन प्रतिवेदन दो दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। जिन कार्यालयों में आदेशपाल की आवश्यकता है वैसे कार्यालय प्रधान तीन दिनों के अंदर मांग पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। जिसके आधार पर उन कार्यालय में नए सिरे से आदेश वालों को प्रतिनियुक्त किया जाएगा।

कोल्हान से पुरी के लिए चलेंगी तीन स्पेशल ट्रेनें

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : कोल्हान प्रमंडल से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल होने के लिए हजारों श्रद्धालु पुरी प्रतिवर्ष जाते है। ऐसे में श्रद्धालुओं की भीड़ की देखते हुए चक्रधरपुर रेल डिवीजन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चक्रधरपुर रेल डिवीजन ने 3 ट्रेन पुरी के लिए चलाने का प्रस्ताव बनाकर रेलवे बोर्ड को भेजा है। एक- दो दिनों में इसकी मंजूरी मिलने की संभावना है। इसे टाटानगर से होकर चलने वाली बादामपहाड़- टाटानगर-पुरी एक्सप्रेस, राउरकेला- पुरी एक्सप्रेस और चक्रधरपुर से चाईबासा व डांगुवापोसी होकर पुरी स्पेशल एक्सप्रेस शामिल है। चक्रधरपुर रेल डिवीजन के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने इसकी पुष्टि की है। आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि जैसे ही प्रस्ताव को मंजूरी मिलेगी, विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वहीं दूसरी ओर टाटागनर होकर पुरी रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन चलाने को लेकर ऑपरेटिंग विभाग की सक्रियता बढ़ गई, जबकि वाणिज्य विभाग स्टेशनों पर यात्री सुविधा बढ़ाएगा, ताकि रथयात्रा के श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो।

टाटा-हटिया एक्स. जुलाई में 5 दिन रद्द

रांची रेल मंडल में विकासात्मक कार्य होने के कारण कई यात्री ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसमे टाटानगर से होकर चलने वाली हटिया-टाटा-हटिया एक्सप्रेस भी शामिल है। रेलवे के सर्कुलर के मुताबिक ट्रेन नंबर 18601/18602 टाटानगर-हटिया-टाटानगर एक्सप्रेस 1 जुलाई, 11 जुलाई, 13 जुलाई, 15 जुलाई और 18 जुलाई को रद्द कर दिया गया है। वहीं टाटानगर-हटिया (18601) एक्सप्रेस ट्रेन को 6 जुलाई को बदले मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार और मुरी होकर चलाने का निर्णय लिया गया है।

मेनहर्ट घोटाला के अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज कराएंगे सरयू राय

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : विधायक सरयू राय मेनहर्ट घोटाला के अभियुक्तों पर रांची स्थित डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। सरयू ने शनिवार को बताया इस मामले में मेरी रिट याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने 26 जून को आदेश जारी किया है। इस आदेश में कोर्ट ने मुझे तीन विकल्प दिया है, जिसके दूसरे विकल्प में थाने में प्राथमिकी करने का सुझाव है। ऐसे में मैं रांची के डोरंडा या धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराउंगा। अन्य विकल्प में मुझे हाई कोर्ट की खंडपीठ या किसी सक्षम न्यायालय में कार्रवाई हेतु मुकदमा दायर करने की सलाह दी गई।थाने में प्राथमिकी दर्ज कर मांग करूंगा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इस मामले में बंद लिफाफा में जो प्राथमिक जांच रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपा है,

पुलिस उस रिपोर्ट को एसीबी से प्राप्त करे और उस पर कार्रवाई करे। उल्लेखनीय है कि एसीबी ने इस मामले में प्राथमिक जांच की है और मेरी रिट याचिका की सुनवाई के समय हाई कोर्ट द्वारा मांगे जाने के बाद इसे बंद लिफाफा में न्यायालय को सौंपा है। इस प्राथमिक जांच रिपोर्ट में उन सभी अभियुक्तों के नाम हैं, जिनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए थाना में एफआईआर करने का निर्देश उच्च न्यायालय ने दिया है। गत 26 जून को जब झारखण्ड उच्च न्यायालय ने मेरी रिट याचिका खारिज करने का निर्णय लिया तो घोटालाबाज और घोटालाबाजों के समर्थकों ने इसे मेरे लिए एक बड़ा झटका बताया और ऐसा माहौल बनाया कि न्यायालय ने इस संबंध में मेरे आरोपों को खारिज कर दिया है। दो दिन बाद 28 जून को न्यायालय का निर्णय आने के बाद इनके मुंह पर तमाचा लगा है। कारण कि न्याय-निर्णय में न्यायाधीश ने मेरी याचिका में उल्लिखित उन बिंदुओं का जिक्र किया है, जिसके अनुसार मेनहर्ट के परामर्शी चयन में भारी अनियमितता हुई है। मेरी रिट याचिका को न्यायालय ने केवल इस आधार पर खारिज किया है कि इस विषय में 28 सितंबर, 2018 को हाई कोर्ट के दो न्यायाधीश की खंडपीठ ने पहले ही निर्णय दिया है कि ह्यह्यसरकार जांच के निष्कर्षों पर कार्रवाई करे।

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आज आएंगे सरायकेला

SARAIKELA : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन 30 जून को सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुमडीह आएंगे। मुख्यमंत्री यहां डिग्री कॉलेज सहित विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन के साथ परिसंपत्ति वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन की तैयारी को लेकर पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो एवं उपविकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान हेलीपैड, बैरिकेडिंग, वाहन पार्किंग, यातायात परिचालन, सुरक्षा व्यवस्था आदि व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला सुनील कुमार प्रजापति, बीडीओ राजनगर मलय कुमार, सीओ राजनगर हरीश चंद्र मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण, नजारात उपसमहर्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

कोल्हन विश्वविद्यालय का एकेडमिक कैलेंडर जारी

अब स्नातक के हर सेमेस्टर में आठ सप्ताह छात्रों को करना होगा इंटर्नशिप

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : कोल्हान विवि ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके तहत यूजी कोर्स की के पहले सेमेस्टर की कक्षाएं 1 अगस्त से संचालित होंगी। जबकि अक्टूबर के चौथे सप्ताह में इंटरनल एग्जाम होगा। वहीं नवंबर के चौथे सप्ताह में परीक्षा फॉर्म भरा जाएगा। जबकि जनवरी 2025 के पहले सप्ताह से तीसरे सप्ताह के बीच परीक्षा ली जाएगी। और फरवरी के तीसरे सप्ताह में परीक्षा परिणाम जारी होगा। एकेडमिक कैलेंडर क तहत हर सेमेस्टर के लिए 8 सप्ताह का इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया। वहीं पीजी कोर्स की बात करें तो इसके पहले सेमेस्टर की परीक्षा अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी। इंटर्नल एग्जाम नवंबर के चौथे सप्ताह में होगा तो परीक्षा फॉर्म दिसंबर के चौथे सप्ताह में भरा जाएगा वहीं फरवरी के 1 से 4 सप्ताह के बीच परीक्षा होगा जबकि रिजल्ट अप्रैल के तीसरे सप्ताह में जारी होगा।

यूजी के अलग-अलग सेमेस्टर का शेड्यूल

सेमेस्टर 1
कक्षाएं शुरू होंगी : अगस्त के पहले सप्ताह
इंटर्नल परीक्षा : अक्टूबर के चौथे सप्ताह
परीक्षा फॉर्म की तिथि : नवंबर के चौथे सप्ताह
परीक्षा आयोजित होगी : जनवरी के पहले से तीसरे सप्ताह के बीच
रिजल्ट : फरवरी के तीसरे सप्ताह

सेमेस्टर-2
कक्षाएं शुरू होंगी : फरवरी के पहले सप्ताह
इंटर्नल परीक्षा : अप्रैल के पहले सप्ताह
परीक्षा फॉर्म की तिथि : मई के पहले सप्ताह
परीक्षा आयोजित होगी : जुलाई के पहले से तीसरे सप्ताह के बीच
रिजल्ट : सितंबर के तीसरे सप्ताह

सेमेस्टर-3
कक्षाएं शुरू होंगी : मई के पहले सप्ताह
इंटर्नल परीक्षा : अगस्त के दूसरे सप्ताह
परीक्षा फॉर्म की तिथि : सितंबर के पहले सप्ताह
परीक्षा आयोजित होगी : अक्टूबर के पहले से चौथे सप्ताह के बीच
रिजल्ट : दिसंबर के पहले सप्ताह

सेमेस्टर-4
कक्षाएं शुरू होंगी : नवंबर के पहले सप्ताह
इंटर्नल परीक्षा : दिसंबर के पहले सप्ताह
परीक्षा फॉर्म की तिथि : दिसंबर के तीसरे सप्ताह
परीक्षा आयोजित होगी : जनवरी के पहले से चौथे सप्ताह के बीच
रिजल्ट : फरवरी के चौथे सप्ताह

सेमेस्टर- 5
कक्षाएं शुरू होंगी : फरवरी के पहले सप्ताह
इंटर्नल परीक्षा : मार्च के पहले सप्ताह
परीक्षा फॉर्म की तिथि : मार्च के दूसरे सप्ताह
परीक्षा आयोजित होगी : अप्रैल के पहले से चौथे सप्ताह के बीच
रिजल्ट : जून के दूसरे सप्ताह

सेमेस्टर-6
कक्षाएं शुरू होंगी : मई के पहले सप्ताह
इंटर्नल परीक्षा : जून के पहले सप्ताह
परीक्षा फॉर्म की तिथि : जुलाई के पहले सप्ताह
परीक्षा : अगस्त के पहले से चौथे सप्ताह के बीच
रिजल्ट : सितंबर के दूसरे सप्ताह

एसी चंद्रमोहन हत्याकांड का खुलासा, आरोपी धराया

KHUNTI : अड़की थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव में हुई एसी चंद्र मोहन की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने हत्या के आरोपित परमेश्वर मुंडा(65) को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फरसा और अभियुक्त द्वारा घटना के दौरान पहने गए कपड़े को भी बरामद कर लिया है। खूंटी पुलिस ने शनिवार को बताया कि गत 25 जून को एसी चंद्र मोहन की अज्ञात अपराधी ने गला काटकर हत्या कर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (परि) रामप्रवेश कुमार के नेतृत्व में डापामर टीम का गठन किया गया। अनुसंधान और छापामारी के क्रम में एक संदिग्ध व्यक्ति परमेश्वर मुंडा से पूछताछ की गई, तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

तुबेद कोलियरी के कांटा घर में फायरिंग, एक को लगी गोली

PHOTON NEWS LATEHAR : सदर थाना क्षेत्र के तुबेद कोलियरी के कांटा घर में शुक्रवार की रात अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। इस घटना में कांटा घर के कंप्यूटर ऑपरेटर आलोक साहू के पैर में गोली लगी,जिससे वह घायल हो गए। लातेहार सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया । सूचना मिलने के बाद लातेहार पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन भी आरंभ कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से अपराधियों के द्वारा छोड़ा गया एक हस्तलिखित पर्चा भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार देर रात कुछ अपराधी तुबेद कोलियरी के कांटा घर के पास आए और सड़क के किनारे से ही फायरिंग आरंभ कर दी। अचानक फायरिंग

होने से वहां काम कर रहे लोग इधर-उधर भागने लगे ।इसी दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर आलोक साहू के पैर में एक गोली लग गई। लगभग पांच फायरिंग करने के बाद अपराधी वहां एक पर्चा फेंक कर फरार हो गए। पर्चा में लिखा हुआ था कि बिना संगठन से बात किया काम नहीं करें। इधर इस संबंध में पूछने पर पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल अपराधियों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।

जमीन विवाद में चाकू मार कर दो को किया घायल

KODERMA : जिले में जमीन विवाद के मामला में झड़प के बाद चाकू मारकर दो युवकों को घायल कर दिया गया। मामला जयनगर थाना क्षेत्र के सोनपुरा का है, जहां शुक्रवार रात जमीन विवाद में झड़प और मारपीट हुई। जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई और फिर मारपीट चाकूबाजी में बदल गई। इस घटना में दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पिछले कई सालों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में जमकर मारपीट हुई। एक ही दिन में दो बार मारपीट हुई और दोनों बार चाकूबाजी हुई। रात को यह विवाद झुमरीतिलैया शहर तक पहुंच गया। विवाद में झुमरीतिलैया के व्यस्ततम इलाके पूर्णिमा टॉकीज के पास चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया गया।

अस्पतालकर्मी को लूटने वाले दो लुटेरे चढे पुलिस के हत्थे

गिरफ्तार अपराधियों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी। • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS PALAMU : जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डालटनगंज-गढ़वा मुख्य पथ पर मंगरदाहा घाटी में पलामू सदर अस्पतालकर्मी हैदर अली से बाइक, नगद 1500, मोबाइल लूटने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। एक अभी भी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई है। लुटेरों के पास से लूट में इस्तेमाल एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली, चाकू बरामद किया गया है, जबकि लूटी गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। गिरफ्तार लुटेरों में चैनपुर भट्ठी मुहल्ला के स्व. कामेश्वर रजक का 19 वर्षीय पुत्र राजा कुमार और मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा के अशोक राम का 19 वर्षीय पुत्र अनुराग कुमार (19) शामिल है। शनिवार को चैनपुर थाना में मेदिनीनगर के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणिभूषण प्रसाद ने पत्रकारों को पूरी जानकारी दी।

संकुल स्तरीय वैदिक गणित कार्यशाला संपन्न

HAZARIBAGH : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव कोर्रा में शनिवार को संकुल स्तरीय एक दिवसीय वैदिक गणित कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें संकुल के पांच विद्यालय कुम्हार टोली, रामनगर, मालवीय मार्ग, बरगड्डा तथा कोर्रा की सहभागिता रही। कार्यशाला में प्रांत प्रमुख राजीव नयन ने प्रत्येक वर्ग में पूछे जाने वाले प्रश्नों से संबंधित छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दिलाया। संकुल प्रमुख रितेश ने वैदिक गणित से संबंधित प्रश्न को हल करके समझाया। कार्यक्रम में कोर्रा आचार्य राहुल कुमार पाण्डेय, मुकेश कुमार सिन्हा, रामनगर से दीपक कुमार, बरगड्डासे आचार्य एवं महिला आचार्य उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन राहुल कुमार पाण्डेय ने किया। अंत में कल्याण मंत्र के साथ कार्यशाला सम्पन्न हुआ।

यातायात एवं सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक में घायलों की मदद करने वालों को दी गई सम्मान राशि

मई में हुई 15 की मौत व 18 हुए थे घायल

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में शनिवार को यातायात एवं सड़क सुरक्षा की बैठक हुई। इसमें सड़क हादसों को नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने समेत अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि मई में 29 सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें 15 लोगों की मृत्यु व 18 लोग गंभीर रुप से घायल हुए थे। इसके बाद ब्लैक स्पॉट, वल्नरेबल एक्सीडेंटल प्वाइंट्स एवं सड़कों के कर्व (घुमावदार सड़क) स्थलों को चिह्नित करते हुए आवश्यकतानुसार सुधार करने, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट, साइलेंसर मॉडिफिकेशन एवं स्टंट करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया। बैठक में सड़क दुर्घटना के घायलों को गोल्डन ऑवर में मदद पहुंचाने के लिए प्रकाश कुमार, बीर सिंह प्रजापति, रथु दास, बाबूलाल टुडू, विशाल मार्डी और तुषार दास को कुल 9 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने डीटीओ धनंजय को ऑटो चालकों के साथ बैठक कर उन्हें आईडी कार्ड व यूनिफॉर्म पहनने का निर्देश दिया। नॉन परमिट ऑटो, अंडर एज व बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के ऑटो चालक की जांच कर कार्रवाई की बात कही गई। ऑटो एसोसिएशन को निर्देशित किया गया कि ऑटो चालक चिन्हित स्टैंड से ही सवारी बैठाएं, जहां-तहां ऑटो न रोकें जिससे सड़क दुर्घटना के किसी भी प्रकार की संभावना को नगण्य किया जा सके।

114 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड, 7 लाख रुपये वसूला जुमार्ना

इस दौरान बताया गया कि मई में सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना पर 114 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया गया। वाहन जांच अभियान में बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालक और बिना सीटबेल्ट के चारपहिया वाहन चालकों समेत अन्य मामलों में करीब 7 लाख रु. जुमार्ना वसूला गया।

सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को सम्मानित करते डीसी व एसएसपी।

हिट एंड रन मामलों के मुआवजा भुगतान में लाएं तेजी

हिट एंड रन मामले में पीड़ित पक्ष को 2 लाख रुपये मुआवजा देने का प्रावधान है। अब तक के कुल 45 मामलों में 22 के परिजनों को भुगतान किया गया है, 11 अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर पर एवं 07 इंश्योरेंस कंपनी के स्तर पर आवेदन लंबित हैं। उपायुक्त ने इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।

अवैध बालू उठाव करने पर अंकुश लगाएं या कार्रवाई को तैयार रहें अधिकारी : एसएसपी

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शनिवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई, जिसमें वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उपविकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत व ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग भी शामिल थे। बैठक में उपायुक्त ने खनिजों के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के मामलों पर सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध बालू उठाव पर अंकुश लगाएं या अधिकारी कार्रवाई को तैयार रहें। उन्होंने पुलिस और जिला प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक को संबोधित करते उपायुक्त व एसएसपी। • फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि एकल विभागीय कारवाई से अवैध खनन, परिवहन पर रोक लगाना संभव नहीं है, अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफिया पर हर सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई करें। बैठक में खनन टास्क फोर्स की टीम को प्रखंड स्तर पर ज्वाइंट ऑपरेशन करने का निर्देश दिया गया। गुड़ाबांदा एवं डुमरिया क्षेत्र में बालू उठाव को लेकर लचर कार्रवाई पर अप्रसन्नता जताई गई। खनिजों के अवैध परिवहन करते वाहन पकड़े जाने पर तत्काल एफआईआर का निर्देश दिया गया। एनजीटी की गाइडलाइन के मुताबिक कार्रवाई सुनिश्चित करने, वाहन पकड़े जाते हों तो तत्काल मुखिया या ग्राम प्रधान को जिम्मानामा देने, जब्त बालू को जल्द ऑक्शन कराने का निर्देश डीएमओ को दिया गया। बैठक में डीटीओ, एसडीओ घाटशिला, डीएमओ, प्रदूषण व कारखाना विभाग उपस्थित थे, वहीं सभी सीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी वीसी के माध्यम से जुड़े।



वैशाली पुलिस ने बक्सर रेलवे स्टेशन पर प्रेमिका के साथ पकड़ा, कहा-मैं जिंदा हूं पापा

हाजीपुर (वैशाली)। वैशाली में बीते 18 जून को घर से सन्नी कुमार गायब हो गया था। इसके बाद 21 जून को एक शव मिला था। सन्नी का शव समझ कर परिजनों ने उसकी आत्मा की शांति के लिए हिंदू रीति-रिवाज से हाजीपुर कोनहारा घाट पर दाह संस्कार कर दिया। इसी बीच गंगा ब्रिज थाने की पुलिस ने उसे जिंदा प्रेमिका के साथ बक्सर रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया है। 21 साल का सन्नी कुमार गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के नवादा चौक गांव निवासी आमोद चौधरी का बेटा है। वह अपने प्रेमिका के साथ 18 जून को घर से भागकर कोयम्बटूर पहुंच गया था और 20 जून को तिरुपति दुर्गा मंदिर में शादी कर ली थी। पत्नी के साथ रोजगार की तलाश में बक्सर रेलवे

स्टेशन के पास चला गया था। दोनों प्रेमी युगल से पूछताछ कर रही पुलिस लेकिन, पुलिस को जैसे ही भनक लगी, वहां से उसे पत्नी के साथ हिरासत में ले लिया। पुलिस दोनों प्रेमी युगल से पूछताछ कर रही है। लड़की के परिजनों ने अपनी बेटी की अपहरण का प्राथमिक की दर्ज कराया, तो पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। इसके बाद सन्नी के परिजन ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। बीते 21 जून को किसी ने सूचना दी कि सन्नी की हत्या कर शव को जलाकर समस्तीपुर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र में फेंक दिया गया है।

परिजन ने मोहनपुर थाना पहुंच कर शव पुलिस से रिसीव किया और बेटे की हत्या मामले में एफआईआर दर्ज कराया और हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर नवादा में सड़क को जाम कर दिया था। पुलिस के समझाने बुझाने के बाद आक्रोशित लोग शांत हुए और शव का संस्कार हिंदू रीति-रिवाज से हाजीपुर कौन हारा घाट पर कर दिया। फिलहाल, पुलिस ने आज उसे प्रेमिका के साथ जिन्दा बरामद कर लिया है। लड़की के परिजनों ने अपहरण का मामला कराया था दर्ज इस संबंध में गंगा ब्रिज थाना अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने बताया की सन्नी को उसकी ही प्रेमिका के साथ बरामद किया गया है।

लड़की के परिजनों ने अपहरण कर लेने का थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था।

मामले की जांच पड़ताल की जा रही थी, तभी सन्नी के परिजन ने मोहनपुर थाना क्षेत्र से एक अर्ध जला शव लाकर दाह संस्कार कर लिया था। लेकिन, आज उसे जिन्दा बरामद किया गया है।

संक्षिप्त डायरी

बक्सर में मुआवजा के लिए 4 और 5 जुलाई को कर सकेंगे आवेदन

बक्सर। बक्सर स्थित चौसा थर्मल पावर से प्रभावित किसानों को अपनी जमीन संबंधी मुआवजा को लेकर एक बार भी उम्मीद जगी है। इसके लिए चौसा अखौरीपुर गोला स्थित महर्षि च्यवन महाविद्यालय में एक विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जो कि 4 और 5 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। बक्सर भू-अर्जन शाखा की ओर से मिली जानकारी के अनुसार इस कैंप का आयोजन भू-अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकार पटना प्रमण्डल की ओर दी गई गई सहमति पर लगाया जा रहा है। कैंप सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक दोनों दिन लगेगा। निमार्णाधीन 1320 मेगा वॉट थर्मल संबंधित रेल कॉरिडोर और वाटर पाईप लाईन परियोजना चौसा के रैयतों को पीठासीन पदाधिकारी भू अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकार में आवेदन के साथ खतियान की टू कापी, निबंधित वसीका, पारिवारिक बंटवारा का कागज, वंशावली की सत्यापित प्रति, एलपीसी की छाया प्रति, लगान रसीद की प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति, पैन-कार्ड की छाया प्रति, बैंक पासबुक की छाया प्रति, बंध-पत्र एवं शपथ पत्र आदि के साथ आवेदन को कैंप में जमा करना होगा। मालूम हो कि चौसा थर्मल पावर प्लांट के लिए पिछले दो सालों से सिरदर्द बनी वाटर पाइप लाइन और रेल कॉरिडोर की जमीन का उचित मुआवजा का निर्धारण और किसानों की कई समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण थर्मल पावर का निर्माण अपने समय पर नहीं हो सका है। इसके समाधान के लिए अधिकारियों की ओर से काफी प्रयास किया गया लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं होने के कारण 2024 में थर्मल पावर का निर्माण कार्य पूरा होते हुए नहीं दिख रहा है। इसके लिए एक बार फिर अधिकारियों ने कोशिश की है।

18 दिन बाद सामने आया श्रेया हत्याकांड का सच, होटल मालिक 2 सगे भाई गिरफ्तार

औरंगाबाद। औरंगाबाद में श्रेया हत्याकांड के 18 दिन बाद शनिवार को पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने होटल मालिक 2 सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। रढ स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि गिरफ्तार दोनों होटल मालिक ने स्वीकार किया है कि रेप के बाद श्रेया की गला दबाकर हत्या की गई। इसके बाद सबूत छिपाने को लेकर कार में शव लेकर इंद्रपुरी बराज पहुंचे, जहां शव फेंक दिया। गिरफ्तार दोनों भाई का नाम कोसडिहरा गांव के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार सिंह और राकेश कुमार सिंह है। रढ ने बताया कि इनके पास से वह कार भी बरामद किया गया है, जिससे शव को बराज तक ले जाया गया था। इससे पहले, पुलिस ने श्रेया हत्याकांड में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुका है। इसमें श्रेया की सहेली, उसकी मां और श्रेया का बॉयफ्रेंड शामिल हैं। बता दें कि 11 जून को औरंगाबाद के नवीनगर से लापता 16 साल की किशोरी का शव करीब 25 किमी दूर रोहतास के इंद्रपुरी बराज से मिला था। कोचिंग से नहीं लौटी थी श्रेया SP स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि रेप के बाद श्रेया की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद सबूत छिपाने को लेकर शव को कार में रखकर इंद्रपुरी बराज ले जाकर फेंक दिया गया था। उन्होंने बताया कि श्रेया 11 जून को अपने घर से कोचिंग के लिए निकली थी, लेकिन वापस लौटी नहीं थी। इसके बाद परिजनों की ओर से थाने में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई गई थी। 13 जून को रोहतास के इंद्रपुरी बराज से श्रेया का शव बरामद किया गया था। बॉयफ्रेंड के साथ होटल पहुंची थी श्रेया 11 जून को श्रेया अपने बॉयफ्रेंड के साथ होटल पहुंची थी। यहां एक कमरा बुकिंग कराया और कुछ समय तक रुके। इस दौरान उसके बॉयफ्रेंड ने होटल मालिक धर्मेंद्र कुमार सिंह और राकेश कुमार सिंह के साथ मिलकर गलत काम किया। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी।

नालंदा में मकान का गिरा छज्जा, दादी-पोते की मौत

नालंदा । नालंदा में शनिवार को मकान का छज्जा गिरने से दबकर एक किशोर की मौत हो गई। जबकि एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई है। मामला एकंगरसराय थाना क्षेत्र के सुंडी बीघा गांव की है। इस हादसे में डोमन मोची के बेटे धीरज कुमार(13) की मौत हो गई। जबकि धीरज की दादी सोना देवी(60) गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिन्हें इलाज के लिए PMCH रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार की सुबह हल्की

बारिश हो रही थी। दादी सोना देवी और पोता धीरज कुमार दोनों घर के दरवाजे पर ही बैठे हुए थे। अचानक मकान के छज्जे का स्लैप टूट कर दोनों के ऊपर गिर गया। जहां मलवे से दबकर धीरज कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि सोना देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। मकान का छज्जा गिरने के बाद ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी मच गई। आस-पड़ोस के लोग किसी तरह से दादी पोते को मालवा से बाहर निकाला गया। जहां धीरज की मौत हो चुकी थी। वहीं सोना देवी को एकंगरसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं इस घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। धीरज कुमार 3 भाई बहन में सबसे छोटा था। पिता मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद एकंगरसराय थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष प्रभाकर कुमार झा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भी बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। जाने की वजह से किशोर की मौत हो गई है।

केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे चिराग, कहा-फैसला स्टूडेंट्स के हित में होगा

पटना। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद आज पहली बार लोक जनशक्ति पार्टी (LJP) के मुखिया चिराग पासवान पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनके चारों सांसद भी मौजूद थे। एयरपोर्ट पर तमाम कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। नीट पेपर लीक पर रिएक्शन नीट पेपर लीक मामले पर चिराग ने रिएक्शन देते हुए कहा कि यह एक गंभीर विषय है। ऐसे में सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी बच्चों के साथ कोई अन्याय न हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निगरानी में इस मामले को देखा जा रहा है। ऐसे में केंद्र सरकार सारे स्टेट होल्डर से बातचीत कर रही है। कई ऐसे बच्चे हैं जो रि-एग्जामिनेशन के पक्ष में नहीं है। जो भी फैसला होगा, स्टूडेंट्स के हित में होगा। पेपर लीक के मामले में जांच चल रही है। कई लोग न्यायालय भी गए हैं। मामला विचाराधीन है। इसमें कई सारे पक्ष इंवॉल्व है। सरकार सबसे बातचीत कर रही है। सही समय पर सही फैसला लिया जाएगा। किसानों का करेंगे कल्याण चिराग ने कहा कि उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी फूड प्रोसेसिंग यूनिट मंत्रालय के रूप में दी गई है। भारत एक कृषि प्रधान देश है। आने वाले दिनों में इस मंत्रालय के माध्यम से कई ऐसे यूनिट्स खोले जाएंगे। हाजीपुर का केला हो या मुजफ्फरपुर की लीची, मखना हो आम हो, जो यहीं पर प्रोसेस्ड हो जाए पैकिंग हो जाए तो ना सिर्फ उससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी बल्कि राज्य का राजस्व भी बढ़ेगा। बिहार में लगातार पुल गिरने पर दी प्रतिक्रिया चिराग ने कहा कि ये दुर्भाग्य की बात है। मैं उम्मीद करता हूं कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिसने भी गुणवत्ता के साथ भ्रष्टाचार किया है उसे बख्शा नहीं जाएगा। कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा। भविष्य में जितने नव निर्माण होंगे, हम लोगों की इस डबल इंजन सरकार आने के बाद सुनिश्चित किया जाएगा कि गुणवत्ता के साथ कहीं कोई छेड़छाड़ न हो। आगे चिराग ने कहा कि बिहार में अगले साल विधानसभा के चुनाव भी होने हैं। ऐसे में पार्टी उसकी तैयारी में मजबूती के साथ जुटेगी। ताकि जो जीत लोकसभा में बिहार में मिली वही जीत विधानसभा चुनाव में भी मिल सके। पीएम मोदी के साथ तमाम सांसदों के साथ मुलाकात हुई है। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को अपना मार्गदर्शन दिया है।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी पहुंचे गया, कहा-पुल गिरने के पीछे राजनीतिक साजिश

गया। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी शनिवार को गया पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में उन्होंने बिहार में बीते 9 दिनों में गिरे 5 निमार्णाधीन पुल के मसले पर चिंता जताई। उन्होंने कहा-यह गंभीर और चिंता का विषय है। ये गिर रहे हैं या गिराए जा रहे हैं। यह भी एक जांच का विषय है। इसके पीछे कहीं न कहीं, कोई न कोई राजनीतिक साजिश है। जीतन राम मांझी मंत्री पद की शपथ लेने और विभागीय कामकाज संभालने के बाद दूसरी बार अपने संसदीय क्षेत्र गया में आए हैं। यहां जीतन राम मांझी ने कहा- यह वाकई चिंता का

विषय है। पुल ध्वस्त होने के पीछे घटिया निर्माण सामग्री या फिर इंजीनियरिंग का दोष हो सकता है। यह जांच का विषय है। प्रदेश सरकार जांच के साथ कार्रवाई भी कर रही है। पर सवाल यह भी उठता है कि ये पुल दो माह पूर्व क्यों नहीं गिर रहे थे। ये हाल के दिनों में ही तेजी से क्यों गिरने लगे। ये गिर रहे हैं या गिराए जा रहे हैं। यह भी एक जांच का विषय है। इसके पीछे कहीं न कहीं कोई कोई न कोई राजनीतिक साजिश है। ऐसी शंका मुझे है। उन्होंने कहा- सरकार को बदनाम करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। मुझे लगता है कि ऐसा सरकार को बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। वहीं, नीट पेपर लीक के मसले पर कहा कि जो धांधली हुई है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आरोपी भी पकड़े जा रहे हैं। लेकिन भारत सरकार का उद्देश्य केवल कार्रवाई ही नहीं अब ऐसी व्यवस्था बनाने का है, जहां से किसी प्रकार की धांधली की कोई गुंजाइश ही न हो। जीतन राम मांझी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी को फंसाना या बचाना नहीं है। दोषी जो होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। साथ ही व्यवस्था बेहतर की जा रही है।

बनारस से बगहा पहुंची गर्भवती महिला



बगहा (वाल्मिकीनगर)। बगहा के पटखौली थाना स्थित वार्ड संख्या-3 में रहने वाले राहुल साहनी की दूसरी शादी की खबर सुनकर बनारस की रहने वाली प्रमिला (22 साल) बगहा पहुंची और न्याय की गुहार लगाई है। प्रमिला ने आरोप लगाया है कि राहुल ने उससे पहले प्यार किया, फिर शादी की और अब वह उसे छोड़कर दूसरी शादी करने जा रहा है। जबकि, वह मां बनने वाली है। दरअसल, बगहा के वार्ड नंबर तीन के रहने वाले घनश्याम साहनी के बेटे राहुल सहनी (24 साल) एक साल पहले रोजी-रोटी के लिए बनारस गया था। पहले से शादीशुदा थी प्रमिला

वहां, उसकी मुलाकात मैगी मसाला कंपनी में काम करने वाली प्रमिला से हुई। प्रमिला पहले से शादीशुदा थी। पति, शराब के नशे में प्रमिला के साथ मार पिटाई करता था। इसी का फायदा उठाकर राहुल प्रमिला के नजदीक पहुंच गया। दोनों में प्यार हो गया। इसके बाद राहुल प्रमिला को अपने घर बगहा ले आया, जहां वह एक महीने तक एक भाड़े के कमरे में साथ रहे। इसके बाद दोनों हैदराबाद और फिर अंबाला गए, जहां काली माता मंदिर में उन्होंने शादी की। इधर, एक महीने पहले राहुल प्रमिला को छोड़कर अपने घर बगहा लौट आया। इस बीच 10 जुलाई को शादी का दिन भी तय कर दिया गया। रेलवे स्टेशन पर महिला को छोड़कर राहुल फरार जब प्रमिला को राहुल की दूसरी शादी की खबर मिली, तो वह तुरंत बगहा महिला थाना में पहुंच गई। महिला थाने की पुलिस ने प्रमिला और राहुल दोनों को समझाने की कोशिश की। इसके बाद राहुल प्रमिला के साथ रहने के लिए तैयार हो गया। लेकिन, बगहा रेलवे स्टेशन पर महिला को छोड़कर राहुल फिर से फरार हो गया। प्रमिला ने बताया कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है और घर की संपत्ति बेचकर सारे पैसे राहुल को दे चुकी है। अब उसके पास कुछ नहीं बचा है और वह एक सप्ताह से पुलिस और राहुल के घर के चक्कर काट रही है। इस मामले में महिला थाना अध्यक्ष पुष्पा कुमारी ने बताया कि कुछ दिन पहले महिला आई थी। आरोपी युवक को भी बुलाया गया था।

गया में सड़क किनारे इंतजार करता दिखा;बस के आते ही पिछले पहिए के सामने आया

गया। गया शहर में एक शख्स ने चलती बस के नीचे आकर अपनी जान दे दी। घटना का वीडियो भी सामने आया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना सोमवार की शाम साढ़े छह बजे की है। मामला डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी डेल्हा मुख्य मार्ग का है। वीडियो में दिख रहा है कि एक शख्स आत्महत्या करने की नीयत से अचानक से चलती बस के पिछले पहिए के नीचे आ जाता है। उसका सिर बुरी तरह से कुचलते हुए बस आगे निकल जाती है। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृत अधेड़ की पहचान अब तक नहीं हो सकी

है। मृतक गंजी और लूंगी में था और वह नाराज दिख रहा था। शिनाख्त की कोशिश जारी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया है।

बाबा गरीब नाथ मंदिर में फैंस कर रहे हैं पूजा-अर्चना, विश्व विजेता बनने के बाद कल फिर होगी पूजा

गया। फाइनल में जीत की कामना को लेकर मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ मंदिर में भी पूजा और हवन का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए लगातार अखंड हवन किया जा रहा है। हवन मैच होने तक जारी रहेगा। आपको बता दें कि भारतीय टीम ळ20 विश्व कप में बिना कोई मैच हारे फाइनल में पहुंची है। भारतीय टीम फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन करें और दक्षिण अफ्रीका को हराकर वर्ल्ड कप अपने नाम करें। इसके लिए आज शनिवार को बाबा गरीब नाथ धाम मंदिर में विशेष पूजा की गई है। कल भी पूजा की जाएगी महंत अभिषेक पाठक ने बताया कि आज बाबा गरीब नाथ मंदिर में सुबह 10:00 बजे दूध, दही, शक्कर से पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद हवन कुंड में हवन किया जा रहा है। शाम 7:00 बजे तक यह हवन चलेगा। पूजा इंडिया टीम की जीत के लिए की जा रही है। इस बार भारतीय टीम विश्व विजेता बने, इसकी कामना है। वहीं वर्ल्ड कप जीतने के बाद कल भी पूजा की जाएगी।

एयरपोर्ट पर यात्रियों ने किया हंगामा, बोले-ज्यादा कीमत देने के बाद भी नहीं मिली सही सुविधा

दरभंगा। दरभंगा एयरपोर्ट से मुंबई जाने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट शनिवार सुबह 5 घंटे लेट हो गई। इससे नाराज यात्रियों ने बवाल काटा है। नाराज यात्रियों का आरोप है कि ज्यादा कीमत पर टिकट लेने के बावजूद एयरलाइंस की ओर से देरी होने की जानकारी यात्रियों को समय पर नहीं दी गई। न मेल किया गया और न ही मैसेज। यात्रियों ने आगे बताया कि जब हमलोग एयरपोर्ट पर पहुंचे, तो इस बात की जानकारी हमें दी गई। वहीं, एयरपोर्ट पर न तो बैठने की सही व्यवस्था है। न ही एयरलाइंस की ओर से खाना और पानी दिया जा रहा है। इसके साथ ही एयरपोर्ट के अंदर गर्मी रहने के कारण वहां रहना भी दुश्वार है। सुबह 10 बजे की फ्लाइट शाम 4 बजे जाएगी एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक दरभंगा से मुंबई के लिए स्पाइस जेट की विमान संख्या रङ्क116 को दरभंगा से सुबह के 10 बजकर 50 मिनट पर उड़ान भरना था। लेकिन तकनीकी वजह से स्पाइस जेट की विमान दरभंगा नहीं पहुंची। जब काफी देर तक विमान की उड़ान के संबंध में एयरपोर्ट पर यात्रियों से जानकारी साझा नहीं की गई। तब यात्रियों ने पूछताछ काउंटर पर उड़ान के संबंध में जानकारी ली। यहां पता चला कि मुंबई की फ्लाइट शाम के 4 बजे उड़ान भरेगी। इसके

बाद यात्रियों ने स्पाइस जेट के खिलाफ हंगामा किया है। गर्मी से परेशान लोग दरभंगा से मुंबई की फ्लाइट पकड़ने आए नीतीश शाह ने कहा कि दरभंगा से मुंबई की स्पाइस जेट की फ्लाइट 10 बजकर 50 मिनट पर थी। लेकिन बिना किसी नोटिस के फ्लाइट को 3 बजकर 55 मिनट कर दिया गया। अभी तक यह भी कन्फर्म नहीं है कि उस समय पर विमान जाएगी भी या नहीं। यहां पर तैनात कर्मी कुछ बता भी नहीं रहे हैं। हमलोगों के आने जाने के खर्च के साथ समय भी बर्बाद हो गया। सभी यात्रियों को बाहर बैठा दिया गया है। गर्मी से सभी यात्रियों का हाल बेहाल बना हुआ है। स्पाइस जेट फ्लाइट की व्यवस्था बहुत बेकार वहीं, नीतीश ने बताया कि दरभंगा एयरपोर्ट पर किसी प्रकार की सुविधा नहीं है। इसके कारण सभी यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्पाइस जेट की फ्लाइट की व्यवस्था बहुत ही बेकार है। यहां न अल्टीमेशन दिया गया और न ही कुछ किया गया। स्पाइस जेट के सीनियर स्टाफ बाहर नहीं आ रहे हैं। 14 हजार देकर हमलोग यात्रा करने आते हैं। उसका भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है। किसी का कनेक्टिंग फ्लाइट है, दुबई का उसे और दिक्कत हो रही है। इस तरह की व्यवस्था में सब पैसा बर्बाद चला जाता है।

सुर्खियों की चाहत

फिल्म निर्देशक राम गोपाल वर्मा को सुर्खियों का सरताज कहा जा सकता है। इस साल आम चुनाव से पहले 14 मार्च को भी वह आंध्र प्रदेश की पीथापुरम सीट से मैदान में उतरने की घोषणा कर ऐसा कर चुके हैं। पिछले साल आंध्र प्रदेश की राजनीति पर केंद्रित उनकी फिल्म 'व्यूहम' पर जमकर विवाद हुआ। कई स्थानीय नेताओं ने उन्हें राज्य निकाला देने की मांग की। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की मृत्यु के आसपास की परिस्थितियों पर केंद्रित 'व्यूहम' बनाकर वर्मा ने महीनों सुर्खियां बटोरीं। आंध्र प्रदेश में सात अप्रैल 1962 को जन्मे वर्मा अब फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अभिनय के क्षेत्र में प्रवेश करने की घोषणा कर सुर्खियां बने हैं। इसके निर्देशक नाग अश्विन हैं। 27 जून को रिलीज इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी हैं। इन दिग्गजों के सामने वर्मा टिक पाएंगे, यह बड़ा सवाल है। रामगोपाल वर्मा को नब्बे के दशक में रामू के नाम से भी खूब शोहरत मिली। उनकी फिल्म 'रंगीला' की नायिका उर्मिला मातोंडकर से रिश्ते को लेकर भी वह अकसर पत्र-पत्रिकाओं के अलावा चैनलों पर छाये रहे। ऐसा लगता है रामू को गुमनामी पसंद नहीं हैं। रामू के विजयवाड़ा के एक अभियांत्रिकी विद्यालय से पढ़ाई छोड़ने के बाद वीडियो दुकान के मालिक से फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखने की कहानी भी दिलचस्प है। इनके निर्देशन में बनी प्रमुख फिल्मों में 'सत्या', 'भूत', 'सरकार', 'डरना मना है', 'डरना जरूरी है' और 'एक हसीना थी' हैं। 'रंगीला', 'सरकार' , रक्त चरित्र और 'सत्या' ने वर्मा को पहचान मिली। वह अमेरिका की पोर्न स्टार मिया मालकोवा को फिल्म 'गॉड, सेक्स ऐंड ट्रूथ' में लाकर तहलका मचा चुके हैं। यह फिल्म यू-ट्यूब पर रिलीज की गई। इस फिल्म का शॉर्टनेम जीएसटी है। उनकी ऑटो बायोग्राफी भी है। उसका नाम 'गंस एंड थाइस : द स्टोरी ऑफ माई लाइफ' है। उनकी फिल्म 'सत्या' ने छह फिल्म फेयर अवार्ड जीते हैं। रामगोपाल वर्मा ने उर्मिला मातोंडकर से लेकर कई नई युवतियों को सिल्वर स्क्रीन पर मौका दिया है। दुर्भाग्य से इनमें से अधिकतर चमचमाते बाजार से गायब होकर सुर्खियों को मोहताज हो चुकी हैं। वर्मा की तरह उर्मिला मातोंडकर भी राजनीतिक गलियारों में भटक चुकी हैं। कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर पराजय का हार पहन चुकी हैं। फिल्म समीक्षक यायावर मानते हैं कि रामू अपनी फिल्मों की नायिकाओं के लिए अनलकी रहे। रामू ने अनेक नई-नवेली हीरोइनों को लॉन्च तो किया पर इनमें से एक भी का सितारा अर्श पर बुलंद नहीं है। अंतरा माली से इसकी शुरूआत करते हैं। अंतरा ने बेशक निर्देशक कदम कुमार भाटिया की एक हिंदी फिल्म से अभिनय की दुनिया में कदम रखा लेकिन सिनेमा संसार में लाने का श्रेय रामगोपाल वर्मा को जाता है। वर्मा ने अंतरा को 1999 की तमिल फिल्म 'प्रेम काढ़ा' से ब्रेक दिया। यह फिल्म हिट रही। इसे कई अवॉर्ड भी मिले। इसके बाद अंतरा ने कई और तमिल और हिंदी फिल्मों में काम किया।

सिस्टम वीक, सर्जरी जरूरी

पेपर लीक स्कैंडल ने देश की आत्मा को भीतर तक झकझोर दिया है। यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। देश में बहुत बड़ा वर्ग बिकाऊ है। कीमत दो और खरीद लो। फिर वह पेपर हो पद या प्रतिष्ठा। ऐसे स्कैंडल इस ओर भी ध्यान आकर्षित करते हैं कि प्रतिभा, मेरिट, पारदर्शिता, ईमानदारी तो पुस्तकों के विषय तक सिमट कर रह गए हैं लेकिन दूसरी तरफ चिंता इस बात की है कि साधारण और सरल व्यावहारिक दूरदर्शिता का प्रशासनिक व्यवस्था में इतना अकाल कभी देखा नहीं गया है । तरह-तरह के शिक्षा माफिया सक्रिय रहते हैं, नकल माफिया, पेपर लीक और सॉलवर गैंग, स्टाफ की मिलीभगत आदि परंतु ये तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक सिस्टम में विद्यमान तत्व सहयोग न करें । सर्वविदित तथ्य है कि अध्यापक चाहेगा तो केंद्र में नकल होगी और यदि नहीं चाहेगा तो नहीं होगी । तकनीक में अनेक प्रकार के आयाम जुड़ने के कारण एआई जैसी टेक्नोलाजी के आने से चुनौतियां और बढ़ गई हैं तो मूल्यांकन भी जटिल हो गया है । सोशल साइट्स ने जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है और एक प्रभावी उपकरण बन चुका है । सूचना का आदान-प्रदान क्षणों में संभव है। सभी तथ्यों की जानकरी होने के बावजूद ऐसी परीक्षाओं को साधारण औपचारिकता के तौर पर कंडक्ट करवाया जाए और माफिया आराम से ऑपरेट करते रहें तो हाहाकार होनी तो स्वाभाविक है । केवल परीक्षार्थी ही मानसिक तनाव का शिकार हो ऐसा नहीं होता । उसके अभिभावकों सहित अनेक लोगों पर इन हाई प्रोफाइल प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं का प्रत्यक्ष या परोक्ष असर पड़ता है जिनमें कोचिंग संस्थान भी शामिल होते हैं । अपार धन का अनियंत्रित बिजनेस है । समिति गठन की जितनी अहमियत अब दी जा रही है, काश एनटीए गठन के समय यह परिश्रम कर लिया जाता और कंडक्ट को सीबीएसई से पूरी तैयारी के बाद ही वापस लिया जाता तो इस विभीषिका से बचा जा सकता था । निश्चित तौर पर सरकार की कारगुजारी पर धब्बा लगा है और सिस्टम पर विश्वास बहाली उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए । शिक्षा जगत से जुड़े लोग जानते हैं कि पेपर सेटिंग से लेकर परिणाम घोषित होने तक किस स्तर के विभिन्न विशेषज्ञ इस दायित्व का निर्वहण और निष्पादन करते हैं ।

भारत के लिए कई क्षेत्रों में अपने सूचकांक तैयार करने का वक्त

ANALYSIS

✍ प्रहलाद सबनानी

